मई, 2008
MAY, 2008

# एसोशिएटशिप परीक्षा

# सूचना तकनीक

# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# INFORMATION TECHNOLOGY

**AC-21**

समय : 3 घंटे ]
Time: 3 Hours]

[कुल अंक : 100
[Total Marks : 100

किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. निम्नलिखित के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए :- (प्रत्येक के 2 अंक)
   i) अप्लिकेशन सॉफ्टवेयर और सिस्टम सॉफ्टवेयर
   ii) हार्ड डिस्क और हार्ड वेयर
   iii) मल्टीटास्किंग और मल्टीप्रोसेसिंग
   iv) स्प्रैडशीट और डी टी पी
   v) इम्पैक्ट प्रिंटर्स और नौन इम्पैक्ट प्रिंटर्स
   vi) प्रोग्राम और फ्लो चार्ट
   vii) फाइल और फील्ड
   viii) ए एल यू और सी पी यू

1. Distinguish between: 2 each
   i) Application software and System software
   ii) Hard disk and Hardware
   iii) Multitasking and Multiprocessing
   iv) Spreadsheet and DTP
   v) Impact printers and Non impact printers
   vi) Program and Flow Chart
   vii) File and Field
   viii) ALU and CPU

2. i) यूनिक्स में ये कमाण्ड क्या दर्शाते हैं ? (प्रत्येक का 1 अंक)

| | | |
|---|---|---|
| अ) cd | ब) ls | स) mv |
| द) rmdir | य) who | र) mount |

(प्रत्येक के 2 अंक)

ii) निम्नलिखित के बारे में कुछ पंक्तियां लिखिए :

अ) सीडी-रोम

ब) एम आई आर सी

स) प्लोटर

2\. i) What these commands stand for - in UNIX? 1 each

a) cd b) ls c) mv

d) rmdir e) who f) mount

ii) Write few lines about: 2 each

a) CD-ROM

b) MIRC

c) Plotter

3\. एक सिस्टम एनालिस्ट और नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेटर के कार्यों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 12

3\. Briefly describe the function of a System Analyst and that of Network Administrator. 12

4\. i) आर डी बी एम एस के बारे में चर्चा कीजिए तथा (प्रत्येक के 6 अंक)

ii) कम्प्यूटर इस्तेमालकर्ताओं / प्रचालकों की कुछ जिम्मेदारियां होती हैं तथा कम्प्यूटर पर कार्य करते समय उन्हें कुछ सावधानियां बरतनी पड़ती हैं । वे क्या हैं ?

4\. i) Narrate about RDBMS and 6 each

ii) The computer users/operators have certain responsibilities and have to take precautions (do's and dont's) while working on the computer. What are these?

5\. निम्नलिखित का विस्तृत रूप लिखिए : (प्रत्येक का 1 अंक)

Expand the following :- 1 each

i) ए एस् सी आई आई ASCII

ii) एम आई सी आर MICR

iii) वी एल एस आई VLSI

iv) के आई पी एस KIPS

v) सी एस एम ए CSMA

vi) सी डी रोम CDROM
vii) ए एल यू ALU
viii) एम ए एन MAN
ix) वी डी यू VDU
x) एल ए एस ई.आर LASER
xi) बी ए एस आई सी BASIC
xii) एल सी डी LCD

6. i) दशमलव संख्या 541 का ऑक्टल समतुल्य ज्ञात कीजिए । 4
ii) दशमलव संख्या 1947 का हैक्साडेसिमल समतुल्य ज्ञात कीजिए । 4
iii) निम्नलिखित बायनरी संख्याओं के दशमलव समतुल्य ज्ञात कीजिए : (प्रत्येक के 2 अंक)
अ) 11001
ब) 11111

6. i) Find the Octal equivalent of the Decimal Number 541 4
ii) Find the Hexadecimal equivalent of Decimal Number 1947 4
iii) Find the Decimal equivalent of Binary Numbers: 2 each
a) 11001 b) 11111

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए : (प्रत्येक के 6 अंक)
अ) मल्टी प्रोसेसिंग
ब) मल्टी प्रोग्रामिंग

7. Write short notes on :- 6 each
a) Multiprocessing
b) Multiprogramming

8. i) नीचे उल्लेख की गई बायनरी संख्याओं को गुणा कीजिए तथा परिणामी बायनरी संख्या लिखिए । 5
101010 तथा 10011
ii) उपरोक्त प्रश्न (i) के अंतर्गत प्राप्त परिणामी बायनरी संख्या का दशमलव समतुल्य ज्ञात कीजिए । 2

iii) नीचे उल्लेख की गई बायनरी संख्याओं का योगफल निकालिए तथा उत्तर को दशमलव प्रणाली में लिखिए 5

100111
10101
110011

8. i) Multiply the below mentioned Binary numbers and write the resultant Binary number. 101010 and 10011 5

ii) Find the decimal equivalent of the resultant Binary number obtained under (i) above. 2

iii) Add the Binary numbers mentioned below and write the answer in Decimal system 5

100111
10101
110011

9. अ) निम्नलिखित के बारेमें संक्षेप में लिखिए :- (प्रत्येक के 4 अंक)

i) विषय वस्तु उन्मुखी प्रोग्रामिंग

ii) घटना - प्रेरित प्रोग्रामिंग

ब) विंडोज ऑपरेटिंग एन्वायरमेन्ट को स्पष्ट कीजिए । 4

9. a) Briefly write about : 4 each

i) Object Oriented Programming.

ii) Event Driven Programming.

b) Explain the windows operating environment. 4

10. अ) बीमा उद्योग में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की भूमिका पर चर्चा कीजिए । 12

ब) चतुर्थ पीढ़ी की भाषाओं के महत्त्व की विवेचना कीजिए ।

10. a) Narrate the role of IT Department in the Insurance Industry. 12

b) State the importance of fourth generation languages.

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

# AL-22

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# जीवन बीमा बीमांकन
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# LIFE ASSURANCE UNDERWRITING

समय : 3 घंटे ]
Time: 3 Hours]

[कुल अंक : 100
[Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) चयन का औचित्य
   ब) 'लिंडग्युस्ट' का नियम
   स) वित्तीय बीमांकन
   द) बीमांकन में आयु एक घटक

1. Write short notes on : 4 each
   a) Object of Selection
   b) 'Lindguist's Rule'
   c) Financial Underwriting
   d) Age as an underwriting factor.

2. अ) निम्नलिखित को विस्तारित कीजिए - 3
   i) टैली (Tele) ii) इ. सी. जी. (ECG) iii) एस्. कॉलेस्टेरॉल
   ब) **किन्हीं तीन** अन्तस्त्रावी ग्रंथियोंके नाम दीजिए। 3
   स) संक्षेप में अर्थ बताईए। 3
   i) गांठ (Cyst) ii) मुहाँसे (ACNE) iii) धवलरोग (Leucoderma)
   द) निम्नलिखित चिन्ह मृत्युदर तालिका में क्या दर्शाते है? 3
   i) '$l_x$' ii) '$q_x$' iii) '$e_x$'

2. a) Expand the following abbreviations : 3

i) Tele ii) ECG iii) S. Cholesterol

b) Give names of **any three** Endocrine glands. 3

c) State briefly what is meant by : 3

i) Cyst ii) ACNE iii) Leucoderma

d) What is denoted by the following in mortality tables? 3

i) '$l_x$' ii) '$q_x$' iii) '$e_x$'

3. अ) आँख की संरचना का वर्णन कीजिए। 6

ब) निम्नलिखित विकृतियों के प्रस्तावों का बीमांकन किस तरह होगा? (प्रत्येक के 2 अंक)

i) नेमश्लेषमा शोथ (Conjunctivitis)

ii) नेमत्सेध (Exopthalmos)

iii) तिर्यक दृष्टि (Strabismus)

3. a) Describe the structure of the organ Eye. 6

b) How the proposals disclosing the following impairments will be dealt with by an Underwriter? 2 each

i) Conjunctivitis

ii) Exopthalmos

iii) Strabismus

4. अ) प्रमुख-व्यक्ति बीमा (key-man) क्या है? 4

ब) संक्षिप्त में मुख्य दिशानिर्देशोंको बताईए जिससे 'की-मैन' को दी जाने वाली बीमा राशि निश्चित होती है। 8

4. a) What is key-man insurance? 4

b) State briefly the broad guidelines used to arrive at the permissible amount of key-man insurance. 8

अ) उदाहरणसहित निम्नस्तरीय जोखिम के **तीन उपप्रकार** बताईए। 8

ब) उस फार्मूले को बताईए, जिससे 15 साल के बाद अलग-अलग आयु का रक्तचाप निकालना संभव हो। 2

स) प्रस्ताव पर निर्णय किस स्थिति में स्थगित किया जाता है? 2

5. a) Explain with examples **three broad sub-divisions** of sub-standard risks. 8
   b) Mention the approximate formulae that give the average blood pressure readings at various ages over 15. 2
   c) When is consideration of the proposal postponed? 2

6. निम्नलिखित का बीमांकन महत्व बताइए - (प्रत्येक के 3 अंक)
   अ) अल्परक्तता (Anaemia)
   ब) पूयमूत्र (Pyuria)
   स) वातस्फीती (Emphysema)
   द) मस्तिष्कावरण शोथ (Meaningitis)

6. Give underwriting significance of : 3 each
   a) Anaemia
   b) Pyuria
   c) Emphysema
   d) Meaningitis

7. जीवन बीमा के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव-पत्र में निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध है - 12

| | | |
|---|---|---|
| i) | महिला जीवन | - आयु 26 साल, अविवाहित |
| ii) | प्रस्तावित बीमाराशि | - 10 लाख, बंदोबस्ती बीमा, दोहरा दुर्घटना-हितलाभ सह। |
| iii) | पूर्व बीमा | - 2 लाख, दुर्घटना हितलाभ सह, 3 साल पूर्व, स्वास्थ्य जांच |
| iv) | व्यवसाय | - बड़ी कंपनी में सॉफ्टवेअर इंजीनियर। |
| v) | पारिवारिक इतिहास | - 5 साल पूर्व पिता कि दुर्घटना में मृत्यु। मृत्यु समय पिता की आयु 57 साल। माता जीवित, स्वस्थ, उम्र 54 साल। |
| vi) | व्यक्तिगत स्वास्थ का इतिवृत्त | - 9 माह पूर्व पीलीया का हलका दौर, पूर्ण रूपसे स्वस्थ। ऊचाँई एवम् वजन - मानक (standard.) |

बताइये कौनसी अन्य जानकारियों मंगानी चाहिए और इस प्रस्ताव पत्र पर अपना निर्णय दीजिए।

7. The following information is available from the proposal submitted for life Assurance :- 12

| | | |
|---|---|---|
| i) | Female Life | - Age 26 unmarried |
| ii) | Sum Proposed | - 10 lakhs with DAB-Endowment Assurance |

iii) Previous insurance - 2 lakh - 3 years back (medical) with DAB

iv) Occupation - Software Engineer with a leading IT Company

v) Family history - Father died of accident at Age 57, 5 years ago. Mother alive, Age 54. Healthy.

vi) Personal History - Suffered from a mild attack of jaundice 9 months back. Recovered completely and fully. Height and weight - standard.

State what additional requirements are to be called. Also give your decision.

(प्रत्येक के 4 अंक)

8. अ) "एकबार अतिरिक्त भार, हमेशा अतिरिक्त भार" टिप्पणी कीजिए।

ब) संक्षेप में समझाईए कि क्या एकबार लगाया हुआ अतिरिक्त प्रीमियम निरस्त किया जा सकता है।

स) 'स्वास्थ अतिरिक्त भार' एवम् 'अन्य अतिरिक्त भार' में अंतर बतलाइये।

8. a) "Once extra, always extra". Comment. 4 each

b) Briefly explain whether extra premium once imposed can be removed.

c) Distinguish 'Medical Extra' from 'other extra' premium.

9. महिला जीवन, स्तर III से संबधित बीमांकन की प्रमुख विशेषताओंका संक्षिप्त विवरण कीजिए एवम् गर्भधारण और प्रसव संबंधी जोखिमों की चर्चा कीजिए। 12

9. Describe briefly the salient features associated with underwriting of female lives under category III and also the hazards of pregnancy relating to child birth. 12

10. अ) बीमांकन के लिए आवश्यक जानकारी का स्रोत क्या है? (प्रत्येक के 4 अंक)

ब) विशेष रिपोर्ट की आवश्यकता कब होती है?

स) बीमा कंपनी के विक्रय प्रतिनिधि को प्रथम पंक्ति का बीमांकक कहा जाता है और क्यों? कृपया विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

10. a) What constitute sources of underwriting data? 4 each

b) How does need for Special Reports arise?

c) The field workers of the insurer are often described as the first line persons in underwriting (assessment of risk) terminology. Explain why?

----- समाप्त -----

------ THE END ------

मई, 2008
MAY, 2008

# AL-23

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# जीवन बीमा के प्रयोग
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# APPLICATION OF LIFE ASSURANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) बीमा लोकपाल योजना
   ब) सामूहिक चयन का सिध्दांत
   स) पूर्व जाँच
   ड) समनुदेशन
   इ) पेंशन योजना का स्वरूप।

1. Write short notes on **any four**. 4 each
   a) Scheme of Ombudsman.
   b) Theory of group selection.
   c) Prior investigation
   d) Assignment
   e) Nature of pension scheme.

2. अ) आश्वस्ति (Warranty) क्या है? 4
   ब) स्पष्ट कीजिए कि किस प्रकार बीमा अधिनियम की धारा 45, 'आश्वस्ति' के सिध्दान्त को सीमित करती है। 8

2. a) What is "Warranty"? 4
   b) Explain how Sec.45 of the Insurance Act 1938 restricts the doctorine of "Warranty". 8

3. भारतीय जीवन बीमा निगम की निम्नलिखित योजनाओं की विशेताएं बताइए। (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) निश्चित अवधि विवाह बंदोबस्ती/शिक्षा वार्षिकी योजना
   ब) जीवन भारती
   स) जीवन विश्वास

3. State the salient features of the following plans of L. I. C. of India? 4 each
   a) Fixed term marriage endowment/Educational Annuity.
   b) Jeevan Bharati
   c) Jeevan Vishwas.

4. अ) जीवन बीमा संविदा में बीमा हित के क्या सामान्य सिध्दान्त है? 8
   ब) जीवन बीमा संविदा एवम् समुद्री बीमा संविदा सहित साधारण बीमा संविदा में बीमाहित उत्पन्न होना, कब आवश्यक है? 4

4. a) What are the general principles of insurable interest in life insurance contract? 8
   b) When must insurable interest exist in life insurance contract and in general insurance contract including marine insurance contract? 4

5. "अनुभव दर निर्धारण समूह बीमा योजना की एक महत्वपूर्ण विशेषता है" इस कथन को स्पष्ट कीजिए एवम् समूहबीमा योजना में बीमा कंपनी अपने लाभ की भागीदारी समूह बीमाधारकों से किस पध्दति से कर सकती है, यह स्पष्ट कीजिए। 12

5. 'Experience Rating is one of the important characterstics of Group Insurance'.- Explain this statement and bring out the different methods by which an insurer can share profits from group scheme with group policy holder. 12

6. अ) साझेदारी फर्म की जीवन बीमा आवश्यकताएँ क्या है? (प्रत्येक के 6 अंक)
   ब) संक्षेप में बतलाइयें कि किस प्रकार इन आवश्यकताओं का समाधान किया जा सकता है?

6. a) What are life insurance needs of Partnership Firm? 6 each
   b) Briefly state how these needs can be satisfied?

7. "डाक जीवन बीमा भी, जीवन बीमा के बाजार में एक प्रतियोगी है" इस कथन को, उसकी मुख्य विशेषताएँ, विभिन्न योजनाएं, मिलनेवाले लाभों एवम उसकी प्रतियोगिक विशेषताओं को समझाकर स्पष्ट करें। 12

7. Postal Life Insurance is also one of the competitive players in life insurance market, explain this statement with relevance to it's chief characterstics, different plans offered, benefits under the plans and it's competitiveness. 12

8. अ) ग्राहकोंके शिकायतों का तुरन्त निपटारा करने में ग्राहक संरक्षण अधिनियम (1986) किस तरह मदद करता है? (प्रत्येक के 6 अंक)

ब) बीमा अधिनियम 1938 की धारा 39 के अनुसार नामांकन क्या है? नामांकन किस तरह किया जा सकता है? एवम नामित व्यक्ति के क्या अधिकार होते है?

8. a) How does Consumer Protection Act, 1986 help consumer for speedy redressal of his complaints? 6 each

b) What is Nomination under Section 39 of Insurance Act, 1938? How can it be effected? What are the rights of Nominee?

9. अ) पुनर्बीमा क्या है? 2

ब) पुनर्बीमा के उद्देश्य क्या है? बीमा कंपनियोंकी वित्तीय कठिनाई दूर करने में, मान्य पुनर्बीमा पध्दति, किस प्रकार सहायक होता है? 4

स) निम्नलिखित के लाभ बताइए - 6

i) हानि रोको पुनर्बीमा

ii) हानि विस्तार पुनर्बीमा।

9. a) What is meant by reinsurance? 2

b) What are it's purposes? How assumption reinsurance method can help to insurance company in financial difficulty to overcome the difficulty? 4

c). State the benefits of : 6

i) Stop loss reinsurance

ii) Spread loss reinsurance.

(प्रत्येक के 6 अंक)

10. अ) "वार्षिकी जीवन बीमा के 'विपरीत' है" विस्तारमें स्पष्ट करिए।
ब) वार्षिकी की कौनसी मुख्य योजनाएं हैं? प्रत्येक में विशेषताएं बताते हुए, अंतर स्पष्ट कीजिए।

6 each

10. a) "An Annuity is 'reverse' of life insurance"- Elucidate.
b) What are the main annuity plans? State salient features of each of them bringing out the difference.

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

**AL-24**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# जीवन बीमा का वैधानिक पक्ष
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# LEGAL ASPECTS OF LIFE ASSURANCE

समय : 3 घंटे ]
Time: 3 Hours]

[कुल अंक : 100
[Total Marks : 100

किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के है।

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** पर संक्षेप में टिप्पणियाँ लिखिए :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   - क) पंचाट
   - ख) आत्म हत्या
   - ग) अंतर विवादी मुकदमा
   - घ) आकस्मिक संविदा
   - ञ) वसीयत प्रमाण पत्र

1. Write short notes on **any Four** of the following:- 4 each
   - a) Arbitration
   - b) Suicide
   - c) Interpleader suit
   - d) Contingent Contract
   - e) Probate of will

(प्रत्येक के 6 अंक)

2. क) बताइए और समझाइए कि कैसे तीन स्तरीय सुधार/क्षतिपूर्ति तंत्र जो ग्राहक संरक्षण अधिनियम 1986 में दिया गया है, ग्राहक की शिकायत का शीघ्र निपटारा करने में सहायक होता है।

   ख) ग्राहक संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 6 में दिए गए प्रावधान के अनुसार केन्द्र और राज्य की ग्राहक संरक्षण परिषदों के उद्देश्यों को बताइए।

2. a) State and explain how 3 tier redressal machinery provided under Consumer Protection Act, 1986 helps consumer for speedy disposal of complaint. 6 each

b) State the objectives of Central & State consumer protection councils as provided under section 6 of the Consumer Protection Act, 1986.

3. क) 'बीमा अधिनियम 1938 की धारा 39 पॉलिसीधारक द्वारा नामांकन के लिए एक सम्पूर्ण नियम बताती है।' इस कथन को इस अधिनियम के अंतर्गत बनाये प्रावधानों के संदर्भ में समझाइए। 6

ख) जीवन बीमा पॉलिसी के अंतर्गत 'नामांकिती' के अधिकारों को इस विषय पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्णित किसी मुकदमे का संदर्भ देते हुए समझाइए। 3

ग) एक जीवन बीमा धारक, हिन्दू पुरूष की मृत्यु हो जाती है, वह पॉलिसी रकम को केवल एक सम्पत्ति के रूप में छोड़ जाता है, उसके पीछे उसकी विधवा पत्नी अवयस्क पुत्र, अवयस्क बहन और विधवा माँ रह जाती हैं। उसकी पत्नी के पक्ष में वैध नामांकन किया गया था। उसकी मृत्यु के बाद, उसकी विधवा माँ और अवयस्क बहन ने कानूनी अदालत में विरोधी दावा किया। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्णीत किसी मुकदमे के आधार पर बताइए कि पॉलिसी रकम किस प्रकार दी जायेगी। 3

3. a) 'Section 39 of the Insurance Act, 1938 gives a complete code for Nomination by a policy holder'. Explain this statement with reference to relevant provisions made under the Act. 6

b) Explain the rights of 'Nominee' under life insurance policy with reference to a Supreme Court case decided on this issue. 3

c) A Life assured, Hindu Male, died leaving policy moneys as only estate and was survived by widowed wife, minor son, minor sister and widowed mother. Valid nomination was made in favour of his wife. After death his widowed mother and minor sister raised rival claims in the court of law. State on the basis of Supreme Court case decided on this issue, how policy moneys will be distributed? 3

4. क) जीवन बीमा पॉलिसियों के अंतर्गत दिये जाने वाले दोहरी दुर्घटना हितलाभ से क्या अभिप्राय है? 2

ख) इसकी प्रकृति, शर्तों, प्रतिबंधों और अपवर्जनों, यदि कोई हों तो बताइए। 4

ग) कारण सहित बताइए कि क्या निम्नलिखित पॉलिसियों में दोहरी दुर्घटना हितलाभ देय होगा - (प्रत्येक के 2 अंक)

i) पुणे में बजाज आटो द्वारा प्रबंधित मोटर साइकिल दौड़ में भाग लेते समय श्री 'म' की मृत्यु एक मोटर साइकिल दुर्घटना में हो गयी।

ii) नागपुर के व्हाइट हाउस इलाके में डाका डालते समय श्री 'ई' की मृत्यु पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से हो गयी।

iii) बांद्रा में श्री 'न' की रेलवे स्टेशन से एक किराये की टैक्सी में नशें की हालत में लौटते हुए टैक्सी की भिड़न्त एक डम्पर से होने पर मृत्यु हो गयी।

4. a) What is meant by double accident benefit granted by the insurer under life insurance policies? 2

b) State its nature, terms, conditions and exclusions, if any? 4

c) Explain with reasons whether double accident benefit claims under following policies would be admissible: 2 each

i) Mr. 'M' died in a motor cycle accident while participating in a Motor Cycle Race organized by Bajaj Auto at Pune.

ii) While commiting dacoity in White House area at Nagpur, Mr. 'E' was shot dead in a police encounter.

iii) While returning from railway station, in a hired taxi as a passenger, in drunken state Mr. 'N' died in taxi collusion with dumper at Bandra.

5. 'एक बीमा कम्पनी, जीवन बीमा पॉलिसी की शर्तों के अंतर्गत कई सुविधाएँ और छूटें पॉलिसी धारक को प्रदान करती हैं।'

इस कथन को सामान्यतया दी जानेवाली पॉलिसी शर्तों के संदर्भ में : (प्रत्येक के 3 अंक)

i) आयु प्रमाण

ii) अनुग्रह दिवस

iii) पॉलिसी ऋण एवं

iv) बंद पॉलिसियों के पुनर्चलन के विषय में समझाइए।

5. 'An insurance company under life insurance policy conditions provides various privileges and concessions to policyholder.' 3 each

Explain this statement with reference to policy conditions usually provided in respect of:-

i) Age proof

ii) Days of Grace

iii) Policy loan and

iv) Revival of discontinued policies.

6. 'एक संविदा दो या अधिक लोगों के मध्य किया गया एक समझौता है जो कानूनन लागू कराया जा सकता है जिससे एक या अधिक लोगों के द्वारा कुछ कार्यों के करने अथवा अन्य या अन्यों की तरफ से त्याग करने के अधिकार को अधिगृहित करता है' - एनसन्। इस कथन को समझाइए और विभिन्न तत्वों का वर्णन करिए जो एक वैध संविदा के लिए संविदा अधिनियम, 1872 के अनुसार आवश्यक हैं। 12

6. 'A contract is an agreement enforceable at law made between two or more persons by which rights are acquired by one or more to certain acts or forbearance on the part of other or others' – Anson. Elucidate this statement and explain the various elements essential for a valid contract as per Contract Act, 1872. 12

7. क) निर्णित अदालती मुकदमों सहित बीमा अधिनियम 1938 की धारा 45 को समझाइए। 8
   ख) 18.2.1954 को एक जीवन बीमा पॉलिसी ली गयी थी। बीमा धारक की मृत्यु 18.08.1955 को हो गयी। बीमाकर्ता ने 10.08.1959 को दावा निरस्त कर दिया। क्या यह बीमा अधिनियम की धारा 45 के क्षेत्र में आता है? 4

7. a) Explain Sec. 45 of the Insurance Act, 1938 with decided court cases. 8
   b) A life insurance policy was taken on 18.2.1954. The life assured died on 18.8.1955. The insurer repudiated the claim on 10.8.1959. Does it come within the purview of Sec. 45 of the Insurance Act? 4

8. क) अभिकर्ता और नौकर का अंतर बताइए। (प्रत्येक के 4 अंक)
   ख) कहावत 'क्यू फेसिट पर एलियम फेसिट पर सि' के आधार पर अभिकर्ता की भूमिका को समझाइए।
   ग) निर्णित अदालती/ग्राहकों के मुकदमों के आधार पर जीवन बीमा पॉलिसी के अंतर्गत एक बीमाकर्ता की देनदारी को समझाइए जब एक अभिकर्ता किसी प्रस्तावक से प्रीमियम वसूल कर लेता है पर उसे बीमाकर्ता के यहाँ जमा नहीं करता।

8. a) Distinguish between Agent and Servant. 4 each
   b) Explain the role of Agent on the basis of maxim 'Qui facit per alium facit per se'.
   c) Explain on the basis of decided court / consumer cases the liability of an insurer under life insurance policy when the Agent collects the premium from the proposer but fails to deposit the same with the insurer.

9. क) विवाहित स्त्री सम्पदा अधिनियम 1874 की धारा 6 के क्षेत्र को समझाइए। 8

ख) क्या किसी अवयस्क को एक बीमा पॉलिसी के अंतर्गत नामांकिती बनाया जा सकता है? 4

9. a) Explain the scope of Section 6 of Married Women's Property Act, 1874. 8

b) Can a minor be made as a nominee under an insurance policy? 4

10. क) निम्नलिखित शब्दों को समझाइए :- (प्रत्येक के 2 अंक)

i) निवास

ii) राष्ट्रीयता

iii) नागरिकता

ख) पॉलिसी शर्तों का अर्थ लगाते समय 'कान्ट्रा प्रोफेन्टम' का नियम लागू होता है। यह नियम क्या है और इसको अन्य शर्तों के साथ कैसे लागू किया जाता है? 6

10. a) Explain the terms: 2 each

i) Domicile

ii) Nationality

iii) Citizenship

b) While interpreting policy conditions Rule of "Contra Proferentum' is applied. What is this rule and how is it applied along with other conditions? 6

----- समाप्त -----

----- END -----

**AL-25**

मई, 2008
MAY, 2008

# एसोशिएटशिप परीक्षा
## जीवन बीमा प्रबन्ध
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
## LIFE ASSURANCE MANAGEMENT

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं** चार पर संक्षेप में टिप्पणियाँ लिखिए - (प्रत्येक के 4 अंक)
   i) सतर्कता
   ii) समर्पित पॉलिसियों की पुनर्स्थापना
   iii) ई-कॉमर्स
   iv) लागत घटाने की तकनीक
   v) विरोधी दावेदार

1. Write short notes on **any Four** of the following : 4 each
   i) Vigilance
   ii) Reinstatement of Surrendered Policies
   iii) E - Commerce
   iv) Techniques of Cost reduction.
   v) Rival Claimants.

(प्रत्येक के 6 अंक)

2. क) बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम 1999 द्वारा बीमा अधिनियम 1938 में किये गये प्रमुख सुधारों का वर्णन करिए।
   ख) जीवन बीमा व्यवसाय में बीमा विनियामक एवं विकास प्रधिकरण की भूमिका को बताइए।

2. a) Mention the major amendments made to Insurance Act of 1938 by IRDA Act 1999. 6 each
   b) Explain the role of IRDA in the Life Insurance Business.

(प्रत्येक के 6 अंक)

3. क) अधिकार सौंपने का क्या अर्थ है? उन महत्वपूर्ण तत्वों को बताइए जो अधिकार सुपुर्दगी में सन्निहित होते हैं।

ख) उन महत्वपूर्ण बिन्दुओं को बताइए जिन्हें किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा सुपुर्दगी को प्रभावशाली बनाने के लिए उठाया जाना चाहिए।

3. a) What is delegation ? State the important elements involved in delegation. 6 each

b) Mention the important points to be looked into by a superior for delegation to be effective.

4. क) एक पॉलिसी मास्टर में कौन सी सूचनाएं जमा रहती हैं? 4

ख) एक जीवन बीमा शाखा कार्यालय में विभिन्न कार्यरत गुणकों के विषय में संक्षेप में बताइए। 8

4. a) What are the information stored in a Policy Master? 4

b) Briefly describe the different application modules in a Life Insurance Branch office. 8

5. क) "सलाह देने का अभिप्राय यह नहीं है कि किसी से यह कहा जाये कि वह ऐसा करे या न करे"। विस्तार से समझाइए। 8

ख) उन तमाम सलाह देने वाली कुशलताओं के विषय में समझाइए जिन्हें किसी प्रबंधक में होना चाहिए। 4

5. a) "Counselling is not a method of telling some one what to do or what not to do" - Elucidate. 8

b) Explain the various counselling skills a Manager should possess. 4

(प्रत्येक के 6 अंक)

6. क) नकदी को संभालने के सम्बंध में बीमा कंपनी को क्या सुरक्षात्मक उपाय करने चाहिए?

ख) बीमा लोकपाल (ओम्बड्समैन) द्वारा किस प्रकार की शिकायतें लेनी चाहिए?

6. a) What are the precautions to be taken by Insurance Companies for the Security of Cash Handling? 6 each

b) Which types of complaints are entertained by Ombudsman?

(प्रत्येक के 6 अंक)

7. क) उन विविध उपायों के विषय में बताइए जिन्हें किसी औपचारिक अनुशासनात्मक कार्यवाही को करते समय अपनाना चाहिए।

ख) सलाहकार और सलाहग्रहणकर्ता के सम्बंध किस तरह प्रबंधक और अधीनस्थ के सम्बंधों से से भिन्न हैं?

7. a) Describe the various steps involved in instituting a formal disciplinary procedure. 6 each

b) In what ways counsellor - Counsellee relationship is different from the Manager-Subordinate relationship?

8. क) एक अच्छे उत्प्रेरक के गुणों को सविस्तार बताइए। (प्रत्येक के 6 अंक)

ख) किसी संस्था की उत्तम प्रकार की भर्ती प्रणाली को स्पष्टतया समझाइए जिसमें संसाधन विश्लेषण का संदर्भ विशेषतया दिया गया हो।

8. a) Discuss in detail the qualities of a good motivator. 6 each

b) Clearly explain the stages of a sound recruitment procedure of an organization with special reference to Resource Analysis.

9. इनमें अंतर बताइए - (प्रत्येक के 4 अंक)

क) विशेष पुनर्चलन योजना और किस्तमय पुनर्चलन योजना।

ख) समूह प्रीमियम लेजर और वैयक्तिक प्रीमियम लेजर।

ग) प्रीमियमों का छूट मूल्य और छूट परिपक्वता दावा।

9. Distinguish between : 4 each

a) Special Revival Scheme and Installment Revival Scheme.

b) Group premium ledger and individual premium ledger.

c) Discounted value of Premium and Discounted Maturity Claim.

10. क) i) कार्य सरलीकरण क्या है? 1

ii) कार्य सरलीकरण के लाभ बताइए। 3

iii) कार्य सरलीकरण में निहित उपायों का वर्णन करिए। 2

ख) i) कार्य-मापन के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं? 2

ii) कई प्रबंधक क्यों इसका विरोध करते हैं? 4

10. a) i) What is work simplification? 1

ii) Bring out the advantages of work simplification? 3

iii) Describe the steps involved in work simplification. 2

b) i) What are the main objectives of work measurements? 2

ii) Why do many Managers oppose this? 4

------ समाप्त ------

------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

**AL-26**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# जीवन बीमा वित्त
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# LIFE ASSURANCE FINANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

Marks

1. हिमालय जीवन बीमा कम्पनी का तल-पट 31.3.2008 का नीचे दिया गया है। कृपया बीमा अधिनियम 1938 के अंतर्गत निर्धारित प्रारूप के अनुसार राजस्व खाता और तुलन-पत्र बनाइए। 16

(रूपये लाखों में)

| क्रमांक | लेखा शीर्ष | नामे रू. | जमा रू. |
|---|---|---|---|
| 1. | अग्रिम आयकर दिया | 57,500 | - |
| 2. | अभिकर्ताओं को अग्रिम भुगतान | 22,190 | - |
| 3. | वार्षिकियाँ | 41,300 | - |
| 4. | नकद बोनस भुगतान | 6,400 | - |
| 5. | दावा - मृत्यु | 2,12,600 | - |
| 6. | दावा - परिपक्वता | 4,31,320 | - |
| 7. | अभिकर्ताओं को कमीशन | 2,47,065 | - |
| 8. | अर्पित पुनर्बिमा पर कमीशन | - | 360 |
| 9. | दी गयी वार्षिकियों पर प्रतिफल | - | 67,800 |
| 10. | नकद एवं बैंक शेष | 3,29,520 | - |
| 11. | वेतन | 6,21,810 | - |
| 12. | प्रबंधन के अन्य व्यय | 3,15,650 | |
| 13. | उपस्कर | 1,38,200 | |
| 14. | प्रथम वर्ष प्रीमियम | - | 1,12,400 |
| 15. | भारत में आवास सम्पत्ति | 4,16,300 | - |
| 16. | स्वीकृत प्रतिभूतियों में निवेश | 3,24,500 | - |
| 17. | विनियोजन आरक्षित खाता | - | 17,230 |

| क्रमांक | लेखा शीर्ष | नामे रू. | जमा रू. |
|---|---|---|---|
| 18. | ब्याज लाभांश और किराया | - | 36,890 |
| 19. | पॉलिसियों पर ऋण | 16,20,450 | - |
| 20. | सम्पत्ति के बंधक पर ऋण | 32,15,370 | - |
| 21. | जीवन बीमा निधि | - | 40,45,425 |
| 22. | मोटर कार | 65,000 | - |
| 23. | बकाया दावे - मृत्यु | - | 21,800 |
| 24. | बकाया दावे - परिपक्वता | - | 83,300 |
| 25. | बकाया दावे - प्रतिलेखन | | 6,400 |
| 26. | सम्पत्ति की विक्री से लाभ | - | 38,150 |
| 27. | पॉलिसी जमा | - | 1,69,010 |
| 28. | नवीनीकरण प्रीमियम | - | 35,41,410 |
| 29. | अर्पित पुनर्बीमा प्रीमियम | 7,050 | - |
| 30. | अंश पूंजी | - | 10,000 |
| 31. | विविध ऋणी | 7,000 | - |
| 32. | समर्पण | 67,700 | - |
| 33. | विविध जमा वसूली योग्य | 3,250 | - |
| | कुल : - | 81,50,175 | 81,50,175 |

निम्नलिखित समायोजन करते हैं :-

1) स्वीकृत प्रतिभूतियों का बाजारमूल्य है — Rs. 3,42,200

2) निम्न पर मूल्य ह्रास लगाइए - आवास सम्पत्ति — Rs. 20,800
- उपस्कर — Rs. 20,730
- मोटर कार — Rs. 13,000

3) आयकर देय का प्रावधान करिएं — Rs. 63,900

4) अशोध्य और संदिग्ध ऋण के लिए प्रारक्षित निधि — Rs. 28,000

5) उपार्जित उपदान हेतु प्रावधान — Rs. 84,500

Himalaya Life Insurance Company's Trial Balance as at 31.03.08 is given below. Prepare Revenue A/c and Balance Sheet as per the proforma prescribed under Insurance Act 1938. 16

(Rs. in Lakhs)

| Sr. No. | Head of Account | (Debit) Rs. | (Credit) Rs. |
|---|---|---|---|
| 1. | Advance Income Tax paid | 57,500 | - |
| 2. | Agents advances | 22,190 | - |
| 3. | Annuities | 41,300 | - |
| 4. | Bonus in cash | 6,400 | - |
| 5. | Claim - Death | 2,12,600 | - |
| 6. | Claim - Maturity | 4,31,320 | - |
| 7. | Commission to Agents | 2,47,065 | - |
| 8. | Commission on Reinsurance (ceded) | - | 360 |
| 9. | Consideration for Annuities Granted | - | 67,800 |
| 10. | Cash and Bank Balances | 3,29,520 | - |
| 11. | Salaries | 6,21,810 | - |
| 12. | Other expenses of Management | 3,15,650 | |
| 13. | Furniture and Fixture | 1,38,200 | |
| 14. | First year premium | - | 1,12,400 |
| 15. | House property in India | 4,16,300 | - |
| 16. | Investment in approved securities | 3,24,500 | - |
| 17. | Investment Reserve Account | - | 17,230 |
| 18. | Interest, dividend and rent | - | 36,890 |
| 19. | Loans on policies | 16,20,450 | - |
| 20. | Loan on Mortgage of Property | 32,15,370 | - |
| 21. | Life Insurance Fund | - | 40,45,425 |
| 22. | Motor Cars | 65,000 | - |
| 23. | Outstanding Claim - Death | - | 21,800 |
| 24. | Outstanding Claim - Maturity | - | 83,300 |
| 25. | Outstanding Claim - Written back | | 6,400 |
| 26. | Profit on Sale of Assets | - | 38,150 |
| 27. | Policy Deposits | - | 1,69,010 |
| 28. | Renewal Premium | - | 35,41,410 |
| 29. | Re-insurance Premium Ceded | 7,050 | - |
| 30. | Share Capital | - | 10,000 |
| 31. | Sundry Debtors | 7,000 | - |
| 32. | Surrenders | 67,700 | - |
| 33. | Sundry Deposit Recoverable | 3,250 | - |
| | Total : - | 81,50,175 | 81,50,175 |

Following adjustments are to be made:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) | Market value of approved securities is | Rs. | 3,42,200 |
| 2) | Provide depreciation on - House Property | Rs. | 20,800 |
| | - Furniture and Fixtures | Rs. | 20,730 |
| | - Motor Car | Rs. | 13,000 |
| 3) | Provide for Income Tax payable | Rs. | 63,900 |
| 4) | Transfer to Reserve for Bad and doubtful debts | Rs. | 28,000 |
| 5) | Provide for accrued gratuity | Rs. | 84,500 |

(प्रत्येक का 1½ अंक)

2. मेज़र लाइफ इंश्योरेंस कं. लि. के खातों में 31 मार्च 2007 को निम्न लिखित व्यवहारों के लिए समायोजन/जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए :-

i) मृत्यु दावे रू. 200 लाख के निरस्त किये गये हैं जिन्हें देनदारी नहीं माना जाता।

ii) रू. 1,45,000 की एक रकम का आयकर के लिए प्रावधान करना है।

iii) 31.3.2007 को रू.10,57,000 नवीनीकरण प्रीमियम के बकाया हैं।

iv) ब्याज, लाभांश और किराया उपर्जित हुआ लेकिन 31.3.2007 को देय नहीं हुआ रू. 82,700

v) वार्षिकियाँ देय और अदत्त रू. 1,85,000

vi) बीमा के सम्बध में पूर्वदत्त व्यय रू. 9,200

vii) बकाया प्रबंधकीय व्यय रू. 78,000

viii) आवासीय सम्पत्ति के लिए आरक्षित निधि रू. 10 लाख का प्रावधान करिए।

2 Write the adjustment/journal entries in respect of following transactions as on 31st March 2007 in the books of Major Life Insurance Co. Ltd. 1½ each

i) The death claims worth Rs. 200 lacs have been repudiated which are not recognised as liability.

ii) An amount of Rs. 1,45,000 is required to be provided as provision for taxation.

iii) The renewal premium worth Rs. 10,57,000 is outstanding as on 31.3.2007

iv) Interest, dividend and rents accruing but not due as at 31.3.2007 amounted to Rs. 82,700

v) Annuities due and unpaid amount to Rs. 1,85,000

vi) Prepaid expenses in respect of insurance were Rs. 9,200

vii) Outstanding management expenses amount to Rs. 78,000

viii) Provide reserve for house property to the extent of Rs. 10 lacs.

(प्रत्येक के 2 अंक)

3. निम्नलिखित अनुपातों में से प्रत्येक का नियम लिखिए और साथ ही एक उदाहरण भी दीजिए -
   क) विनियोजन पर उपार्जन
   ख) प्रति शेयर अनुपात पर उपार्जन
   ग) ऋण सेवा आवरण अनुपात
   घ) सम्पत्ति की कुल बिक्री का अनुपात
   ञ) चालू अनुपात
   च) शीघ्र अनुपात

3. Write formula for each of the below mentioned ratio alongwith an illustration : 2 each
   a) Return on Investment
   b) Earnings Per Share Ratio
   c) Debt Service Coverage Ratio
   d) Asset Turnover Ratio
   e) Current Ratio
   f) Quick Ratio

(प्रत्येक के 3 अंक)

4. निम्नलिखित पर संक्षेप में लिखिए -
   i) आवासीय सम्पत्ति पर आय के विषय में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 24
   ii) पूंजीगत उपार्जन के विषय में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 45
   iii) निधि-प्रवाह विवरण
   iv) जीवन बीमा व्यवसाय के विषय में लाभ और उपार्जन हेतु आयकर अधिनियम 1961 की धारा 115 बी।

4. Write briefly on the following : 3 each
   i) Section 24 of the Income-Tax Act, 1961 in the matter of Income from House property.
   ii) Section 45 of the Income Tax Act. 1961 in the matter of Capital gains.
   iii) Funds Flow Statement.
   iv) Section 115B of the Income Tax Act, 1961 in the matter of profits and gains of Life Insurance Business.

5. निम्नलिखित जानकारियों के आधार पर नवीनीकरण व्यय अनुपात **दो वर्षों** के लिए निकालिए - 12

| | वर्ष 31.3.2006 रू. | वर्ष 31.3.2007 रू. |
|---|---|---|
| प्रबंधकीय व्यय | 2,58,133 | 8,07,279 |
| नवीनीकरण प्रीमियम | 13,69,589 | 28,11,381 |
| प्रथम वर्ष प्रीमियम | 4,81,360 | 8,25,110 |
| एकल प्रीमियम | 72,115 | 1,38,265 |
| स्वीकृत वार्षिकियों का प्रतिफल | 21,84,110 | 40,76,130 |
| **प्रथम वर्ष का प्रीमियम जहाँ अधिकतम देय अवधि है -** | | |
| **वर्ष** | | |
| 2 | 1,279 | 2,180 |
| 3 | 3,180 | 3,227 |
| 4 | 5,890 | 6,480 |
| 5 | 26,130 | 18,370 |
| 6 | 11,289 | 13,289 |
| 7 | 3,180 | 1,260 |
| 8 | 7,281 | 5,183 |
| 9 | 9,359 | 10,280 |
| 10 | 11,780 | 23,769 |
| 11 | 2,630 | 5,183 |
| 12 वर्ष एवं जादा | 28,519 | 1,03,729 |

5. Work out the Renewal Expenses Ratio from the following information in respect of two years : 12

| | Year 31.3.2006 Rs. | Year 31.3.2007 Rs. |
|---|---|---|
| Expenses of management | 2,58,133 | 8,07,279 |
| Renewal premium | 13,69,589 | 28,11,381 |
| First year premiums | 4,81,360 | 8,25,110 |
| Single premiums | 72,115 | 1,38,265 |
| Consideration for Annuities Granted | 21,84,110 | 40,76,130 |

First year premiums where maximum paying period is :

| years | Rs. | Rs. |
|---|---|---|
| 2 | 1,279 | 2,180 |
| 3 | 3,180 | 5,227 |
| 4 | 5,890 | 6,480 |
| 5 | 26,130 | 18,370 |
| 6 | 11,289 | 13,289 |
| 7 | 3,180 | 1,260 |
| 8 | 7,281 | 5,183 |
| 9 | 9,359 | 10,280 |
| 10 | 11,780 | 23,769 |
| 11 | 2,630 | 5,183 |
| 12 years and above | 28,519 | 1,03,729 |

6. क) चेक रद्दीकरण खाता क्या है? 4

ख) जय एण्ड कम्पनी की बैंक पास बुक की जाँच-पड़ताल हिन्दुस्तान बैंक से 31.12.2007 को करने पर निम्नलिखित जानकारी हुई। बैंक समाधान विवरण बनाइए। 8

i) पास बुक के अनुसार क्रेडिट शेष रू. 42,000

ii) नीचे लिखे चेक जो कम्पनी द्वारा जमा किए गए, निम्न दिनांक को क्रेडिट हुए।

| | | |
|---|---|---|
| श्री नलिन | रू. 2,700 | 25.12.2007 को |
| श्री श्रीनाथ | रू. 1,800 | 12.12.2007 को |
| श्री संतोष | रू. 560 | 02.01.2008 को |

iii) बैंक ने निम्न व्यवहारों को सीधे ही दर्ज कर लिया -

अ) 19.12.2007 को नियत जमा पर ब्याज के रू. 200 को क्रेडिट कर दिए।

ब) 31.12.2007 को चेक बुक जारी करने और लेजर फोलियो प्रभार के हेतु रू. 700 डेबिट कर दिए।

iv) बैंक ने रू. 3,000 चेक अनाहत हेतु 31.12.2007 को डेबिट कर दिए जो 29.12.2007 को जमा हुआ था।

v) रू. 1,910 का जारी किया गया चेक भूल से नगद बही में रू. 1,190 लिखा गया जिसका 21.12.2007 को भुगतान हो गया।

6. a) What is cheque Cancelled Account? 4

b) While scrutinising bank pass-book of Jay and Company with Hindustan Bank as at 31.12.2007 following information was revealed. Prepare Bank Reconciliation Statement from the following : 8

i) Credit balance as per pass book Rs. 42,000

ii) Following cheques deposited by company were credited on :
Shri Nalin Rs. 2,700 credited on 25.12.2007
Shri Srinath Rs. 1,800 credited on 12.12.2007
Shri Santosh Rs. 560 credited on 02.01.2008

iii) Bank has passed following transactions directly
  a) Rs. 200 credited on 19.12.2007 towards fixed deposit interest.
  b) Rs. 700 debited on 31.12.2007 for issue of cheque book and ledger folio charges.

iv) Bank debited Rs. 3,000 for cheque dishonour on 31.12.2007 which was deposited on 29.12.2007

v) Cheque issued for Rs. 1,910 was wrongly entered in cash book as Rs. 1,190 which was encashed on 21.12.2007.

7. निम्न पर संक्षेप में टिप्पणियाँ लिखिए - (प्रत्येक के 3 अंक)
  क) विलम्बित राजस्व व्यय
  ख) वार्षिकी के प्रकार
  ग) बकाया प्रीमियम
  घ) मूलभूत लेखा अनुमान

7. Write short notes on : 3 each
  a) Deferred Revenue Expenditure
  b) Types of Annuity
  c) Outstanding premiums
  d) Fundamental Accounting Assumptions.

8. अंतर बताइए : (प्रत्येक के 3 अंक)
  क) जीवन बीमा - और गैर जीवन बीमा
  ख) प्रावधान - और आरक्षण
  ग) समूह उपदान योजना - और समूह निवर्तन योजना
  घ) आजीवन योजना - और धन वापसी योजनाएँ

8. Distinguish between : 3 each
  a) Life Insurance - and Non Life Insurance
  b) Provision - and Reserve
  c) Group Gratuity Scheme - and Group Superannuation Scheme
  d) Whole life plans - and Money Back Plans

9. मेसर्स ऐश्वर्या एण्ड कम्पनी का 31 मार्च 2006 को अंतिम खाता बनाइए । 12

| विवरण | नामे रू. | जमा रू. |
|---|---|---|
| प्रारम्भिक स्टॉक | 25,000 | - |
| क्रय | 1,20,000 | - |
| विक्रय | - | 3,25,000 |
| वापस बाहर को | - | 17,300 |
| वापस अंदर में | 27,300 | - |
| मज़दूरी | 12,000 | - |
| फैक्टरी भाड़ा | 6,000 | - |
| पूंजी - | - | 5,00,000 |
| वेतन | 24,000 | - |
| डाक व्यय | 120 | - |
| छूट | 50 | - |
| किराया एवं कर | 10,000 | - |
| बीमा | 6,000 | - |
| ज़मीन एवं भवन | 2,50,290 | - |
| कर्जदार | 87,000 | - |
| लेनदार | - | 57,700 |
| प्लान्ट एवं मशीनें | 2,91,370 | |
| बैंक में नगदी | 40,870 | - |
| | 9,00,000 | 9,00,000 |

निम्न समायोजन करें :-

i) अंतिम स्टॉक का मूल्य रू. 1,00,000

ii) 30 जून 2006 तक बीमा प्रीमियम अदा किया।

iii) रू. 6,000 तक वेतन बकाया था।

9. From the following prepare Final Accounts of M/s. Aishwairya and Co. as at 31st March 2006. 12

| Particulars | (Debit) Rs. | (Credit) Rs. |
|---|---|---|
| Opening Stock | 25,000 | - |
| Purchases | 1,20,000 | - |
| Sales | - | 3,25,000 |
| Return outward | - | 17,300 |

| Particulars | (Debit) Rs. | (Credit) Rs. |
|---|---|---|
| Return inward | 27,300 | - |
| Wages | 12,000 | - |
| Factory rent | 6,000 | - |
| Capital | - | 5,00,000 |
| Salaries | 24,000 | - |
| Postage | 120 | - |
| Discount | 50 | - |
| Rent and Taxes | 10,000 | - |
| Insurance | 6,000 | - |
| Land and Building | 2,50,290 | - |
| Debtors | 87,000 | - |
| Creditors | - | 57,700 |
| Plant and Machinery | 2,91,370 | |
| Cash at Bank | 40,870 | - |
| | **9,00,000** | **9,00,000** |

The following Adjustments are to be made :-

i) Closing stock valued at Rs. 1,00,000

ii) Insurance premium paid till 30th June 2006.

iii) Salaries were outstanding to the extent of Rs. 6,000

10. निम्न पर संक्षेप में टिप्पणियाँ लिखिए : (प्रत्येक के 4 अंक)

क) बीमा अधिनियम 1938 की धारा 27 ए

ख) लेखा परीक्षण के प्रकार

ग) संपादन बजट

10. Write briefly on : 4 each

a) Section 27 A of Insurance Act 1938

b) Types of Audit

c) Performance Budget.

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

# एसोशिएटशिप परीक्षा

# AG-51

# विशिष्ट उद्योगों की अग्नि आपदाएं

# ASSOCIATESHIP EXAMINATION

# FIRE HAZARDS OF SPECIFIC INDUSTRIES

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100

Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

| | | Marks |
|---|---|---|
| 1. | इंजीनियरिंग उद्योगों में आमतौर पर प्रयुक्त होने वाली किन्हीं तीन प्रक्रियाओं तथा इन प्रक्रियाओं में शामिल अग्नि खतरों को स्पष्ट कीजिए। | 16 |
| 1. | Explain **any three** processes commonly used in Engineering Industries and the Fire hazards involved in these processes. | 16 |
| 2. | चाय उद्योगों में अपनायी जानेवाली प्रक्रिया तथा खतरों पर चर्चा कीजिए। | 12 |
| 2. | Discuss the Process and Hazards in "Tea Industries." | 12 |
| 3. | रबर उद्योगों में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली किन्हीं दो प्रक्रियाओं के नाम बताते हुए उन्हें स्पष्ट कीजिए तथा प्रत्येक में शामिल खतरे की चर्चा कीजिए। | 12 |
| 3. | Name and explain **any two** processes commonly used in rubber industries and discuss the hazards involved in each. | 12 |
| 4. | कपास जिनिंग तथा प्रेसिंग फैक्टरियों में क्या अग्नि खतरे होते हैं? | 12 |
| 4. | What are the Fire Hazards in Cotton Ginning and Pressing Factories? | 12 |
| 5. | अ) क्रुड ऑयल के परिष्करण से प्राप्त होने वाले किन्हीं आठ मुख्य उत्पादों के नाम बताइए। | 6 |

ब) निम्नलिखित के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए : (प्रत्येक के 3 अंक)

i) हाइड्रोकार्बन्स का ज्वलनशील द्रव तथा ज्वलनशील वाष्प।

ii) हाइड्रोकार्बन उद्योग में यूनिट प्रक्रिया तथा यूनिट प्रचालन।

5. a) Name **any eight** principal products obtained by refining the crude oil. 6

b) Distinguish between : 3 each

i) Flammable Liquid and Flammable Vapours of Hydrocarbons.

ii) Unit Process and unit operation in Hydrocarbon Industry.

(प्रत्येक के 6 अंक)

6. अ) ऐसे **किन्हीं छः** संयंत्रों के नाम बताइए जो इंजीनियरिंग उद्योग की श्रेणी के अंतर्गत आते हों।

ब) विभिन्न इंजीनियरिंग उद्योगों में प्रक्रिया भट्टियों में शामिल अग्नि एवं विस्फोट के खतरों पर चर्चा कीजिए।

6. a) Name **any six** plants which fall under the category of Engineering Industry. 6 each

b) Discuss the Fire and Explosion hazards involved in Process Furnaces used in various Engineering Industry.

(प्रत्येक के 6 अंक)

7. अ) जूट मिल के उत्पादन विभागों में अग्नि के खतरों को कम से कम करने में मददगार उपायों पर चर्चा कीजिए।

ब) जूट मिल में उत्तम विद्युत संस्थापनों को बनाए रखने के लिए आवश्यक कदमों का उल्लेख कीजिए।

7. a) What measures help minimizing the fire hazards in the manufacturing departments of a Jute Mill? 6 each

b) Identify the steps required to be taken to maintain good electrical installations in a Jute Mill.

8. अ) केमिकल संयंत्र प्रक्रिया में अग्नि खतरों में योगदान देने वाले महत्वपूर्ण घटकों का वर्णन कीजिए। 8

ब) केमिकल उद्योग में ज्वलनशील/गर्म द्रव पदार्थों के परिवहन हेतु पाइपलाइन्स बिछाने के लिए विशिष्ट तथा विशेष गुणों का उल्लेख कीजिए। 4

8. a) Enumerate the important Factors contributing to fire hazards of a Chemical Plant process. 8

b) Identify the specific and special qualities for laying of Pipe Lines for transportation of flammable/hot liquids in Chemical Industry. 4

9. अ) टेक्स्टाइल उद्योगों के कपास के गोदामों में अपनाए जाने वाले विशिष्ट अग्नि खतरों तथा रोकथाम हेतु कदमों पर चर्चा कीजिए। 8

ब) "टेक्स्टाइल उद्योग का सबसे बड़ा शत्रु है फ्लफ।" उदाहरणों के साथ अपने उत्तर का औचित्य सिध्द कीजिए। 4

9. a) Describe the specific Fire Hazards and preventive actions to be adopted in Cotton Godowns of Textile Industries. 8

b) "Fluff is the worst enemy of Textile Industry" – Justify your answer with examples. 4

(प्रत्येक के 6 अंक)

10. अ) कागज उद्योग में कच्चे माल की अंतिम उत्पादों तक प्रक्रिया से जुड़े अग्नि खतरों पर प्रकाश डालिए।

ब) इन खतरों को नियंत्रित करने के लिए संबंधित हानि रोकथाम उपायों की चर्चा कीजिए।

10. a) What are the fire hazards associated with the processing of raw material to finished products in relation to a Paper Industry? 6 each

b) Mention the related Loss Prevention Measures to control these hazards.

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

**AG-52**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
## सामान्य अग्नि आपदाएं
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
## GENERAL FIRE HAZARDS

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks
(प्रत्येक के 4 अंक)

1. किसी सु-प्रबंधित फैक्ट्री में निम्नलिखित क्षेत्रों में जोखिम सुधार हेतु क्या कदम उठाए जाने चाहिए, वर्णन करें (**किन्हीं चार** के उत्तर दें) :
   अ) व्यापारिक अनुपयोगी पदार्थ का निपटान
   ब) आंतरिक व्यवस्था/रखरखाव
   स) कर्मचारी कल्याण
   द) उपभोग योग्य सामग्री का भंडारण
   य) धुआँ

1. Describe steps to be taken by a well-managed factory for risk improvement in the following areas (**Answer any four**): 4 each
   a) Disposal of Trade Waste.
   b) House keeping
   c) Welfare of the work People
   d) Storage of combustible material
   e) Smoking

2. बॉयलर संस्थापन के मुख्य अंगों की चर्चा कीजिए। 12

2. Describe the major components of Boiler installations. 12

3. उद्योगों में स्थैतिक विद्युत के कुछ उदाहरण दीजिए। 12

3. Give some examples of Static Electricity in the industries. 12

4. अग्निशमन की बुनियादी अपेक्षाएं क्या हैं? कुछ अग्निशामकों के कार्यों की चर्चा कीजिए। 12

4. What are the basic requirements to extinguish Fire? Discuss functions of some extinguishers. 12

5. उद्भासन खतरे को घटाने की कुछ विधियों की विवेचना कीजिए। 12

5. Enumerate some methods for Reduction of exposure hazards. 12

6. **किन्हीं दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :- (प्रत्येक के 6 अंक)
   अ) स्प्रे पेन्टिंग
   ब) गैस वेल्डिंग
   स) पर्फेक्ट-पार्टी वॉल

6. Write short notes on **any two** : 6 each
   a) Spray Painting
   b) Gas Welding
   c) Perfect party wall

7. अ) अग्नि क्या है तथा यह कैसे फैलती है? (प्रत्येक के 6 अंक)
   ब) उद्योगों में अग्नि के फैलने के कुछ प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए।

7. a) What is Fire and how does it spread? 6 each
   b) Explain some of the major causes of Fire in the Industries.

8. बहुमंजिली इमारतों, जैसे कि कोलकता के 'नंदाराम मार्केट', जहाँ कुछ समय पहले आग लगी थी, में अग्नि हानियों की रोकथाम के लिए क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए? चर्चा कीजिए। 12

8. Elaborate the precautions to be taken for controlling fire losses in a high rise building like 'Nandaram market' which caught fire at Kolkata. 12

9. अ) उद्भासन खतरे क्या होते हैं? 4
   ब) उन घटकों का उल्लेख कीजिए जो कि उद्भासन की गंभीरता को बढ़ाते हैं। 8

9. a) What are the exposure hazards? 4

b) State the factors which increase severity of the exposure. 8

(प्रत्येक के 6 अंक)

10. निम्नलिखित में अपनायी जानेवाली प्रक्रिया तथा हानि रोकथाम उपायों की चर्चा कीजिए :

अ) गैस वेल्ड़िंग तथा कटिंग

ब) ग्राइंडिंग मिल्स

10. Discuss the process and loss prevention measures to be adopted in :- 6 each

a) Gas welding and cutting

b) Grinding Mills.

---- समाप्त ----

------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

**AG-54**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# अग्नि बीमा अंकन
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# FIRE INSURANCE UNDERWRITING

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. अ) अग्नि सूचनापेक्षी पॉलिसी किस प्रकार कार्य करती है? (प्रत्येक के 8 अंक)
   ब) इस पॉलिसी को लागू होनेवाले नियम बताए।

1. a) Explain how the fire declaration policy operates. 8 each
   b) Mention the rules applicable to this policy.

2. निम्नलिखित 'एड-ऑन' संरक्षणों की विशेषता क्या है? (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) समाघात क्षति (इम्पेक्ट डेमेज)
   ब) स्वत:प्रज्ज्वलन
   स) शीत गोदाम के स्टॉक में खराबी

2. What are the salient features of the following "add on covers" ? 4 each
   a) Impact Damage
   b) Spontaneous Combustion
   c) Deterioration of stock in Cold Storage.

(प्रत्येक के 6 अंक)

3. निम्नांकित से संबंधित मानक अग्नि तथा विशेष आपदा पॉलिसी के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले बीमा संरक्षण की चर्चा कीजिए तथा अपवर्जनों का उल्लेख कीजिए -
   अ) अग्नि
   ब) विस्फोट/अंत:स्फोटन

3. Describe the cover and mention the exclusions thereunder in respect of the following perils under Standared Fire and Special Perils Policy. 6 each
   a) Fire
   b) Explosion/Implosion

4. पॉलिसी जारी करने के बाद आवश्यक पृष्ठांकनों के विविध प्रकार बताइए। 12

4. Specify the different types of Endorsements required to be passed after issuance of Policy Document. 12

(प्रत्येक के 6 अंक)

5. अ) अस्थाई पॉलिसी के जरिए एक ही शहर में चार गोदामों में संरक्षित स्टॉक की बीमित राशि रू. 80 लाख और प्रीमियम दर @ रू. 2.00‰ लागू करके प्रीमियम की गणना करे।
   ब) उपयोगिता (यूटिलिटि) की व्याख्या बताइए और उसके **तीन उदाहरण** दीजिए।

5. a) Calculate the premium under Floater Policy issued for stocks covering 4 godowns in the same city where sum insured is Rs. 80 lacs and premium rate is @ Rs. 2.00 ‰ . 6 each
   b) Define utility. Give **3 examples** of utilities.

6. "अग्नि पॉलिसी के अंतर्गत सही बीमा राशि तक पहुँचना एक निपुणता है"। बिल्डिंग, प्लॅन्ट और मशीनरी एवं स्टॉक की, बीमा राशि एम वी (MV) अथवा आर आइ वी (RIV) आधार पर निश्चित करने के लिए उपरोक्त कथन को दृष्टिमें रखते हुए स्पष्ट कीजिए। 12

6. "To arrive at the correct Sum Insured under Fire Policy is a skill". Discuss the above statement in the light of examples of Building, Plant and Machinery and Stock, where sum insured is to be decided based on MV or RIV basis 12

7. निम्नलिखित से संबंधित प्रीमियम छूट के नियम और विनियम बताइए। (प्रत्येक के 6 अंक)
   अ) अग्निशमन उपकरण
   ब) अनुकूल दावों का अनुभव

7. Mention the rules and regulations applicable to grant of discount in premium for - 6 each
   a) Fire Extinguishing Appliances
   b) Favourable Claims Experience

8. जोखिम निरीक्षण रिपोर्ट किन परिस्थितियों में सुझाया/सिफारिश किया जाता है? जोखिम निरीक्षण रिपोर्ट की विषय वस्तु स्पष्ट कीजिए। 12

8. Under which circumstances Risk Inspection is suggested/recommended? Specify the contents of a Risk Inspection Report. 12

9. उन घटकों को स्पष्ट कीजिए जो अग्नि पुनर्बीमा का प्रतिधारण निर्धारित करने को प्रभावित करते है। 12

9. Explain the factors which influence the fixing of retentions for the purpose of fire re-insurance. 12

10. औद्योगिक सर्व जोखिम पॉलिसी की रूपरेखा बताए। 12

10. Give an outline of Industrial All Risks policy. 12

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

**AG-55**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# परिणामी हानि (अग्नि) बीमा
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# CONSEQUENTIAL LOSS (FIRE) INSURANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

Marks

1. निम्नांकित आंकड़ों से अंतर आधार पर 'सकल लाभ' के बीमाराशि की गणना कीजिए: 16

| | | | रू. |
|---|---|---|---|
| क) | वर्ष के आरम्भ में स्टॉक (आरंभिक स्टॉक्स) | - | 1,00,000 |
| ख) | खरीद | - | 6,00,000 |
| ग) | अन्य परिवर्तनीय प्रभार | - | 1,50,000 |
| घ) | स्थिर खर्च | - | 2,00,000 |
| च) | निवल लाभ | - | 1,00,000 |
| छ) | बिक्री | - | 10,00,000 |
| ज) | वर्ष के अंत में स्टॉक्स (अंतिम स्टॉक्स) | - | 1,50,000 |

1. Work out the Sum Insured as Gross Profit given the following figures, under 'Difference Basis' specification : 16

| | | | Rs. |
|---|---|---|---|
| a) | Stock at the beginning of the year (opening Stock) | - | 1,00,000 |
| b) | Purchases | - | 6,00,000 |
| c) | Other variable charges | - | 1,50,000 |
| d) | Fixed Expenses | - | 2,00,000 |
| e) | Net Profit | - | 1,00,000 |
| f) | Sales | - | 10,00,000 |
| g) | Stock at the end of year (Closing Stock) | - | 1,50,000 |

2. 'राजस्व' आधारित विनिर्देशन की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 12

2. State the salient features of 'Revenue' Basis specification. 12

3. परिणामी हानि (अग्नि) पॉलिसी में 'आधार दर' और 'अंतिम दर' पर प्रीमियम कैसे घटित किया जाता है? 12

3. Explain how the 'basis rate' and 'final rate' of premium is arrived at under Consequential Loss (fire) Policy. 12

4. अ) क्षतिपूर्ति अवधि की परिभाषा बताइए। 4
   ब) बीमाधारक द्वारा उचित क्षतिपूर्ति अवधि चुनते समय किन घटकों पर ध्यान दिया जाना चाहिए? 8

4. a) Define Indemnity Period. 4
   b) What are the considerations to be borne in mind by the insured in fixing an adequate indemnity period? 8

5. किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) जमा स्टॉक्स
   ब) व्यवसाय का रूख, विभिन्नताएं और विशेष परिस्थितियाँ क्लॉज़
   क) सकल शुल्क (व्यवसायिक) पॉलिसी
   ड) उत्पादन आधार विनिर्देशन

5. Write short notes on **any three** : 4 each
   a) Accumulated Stocks
   b) Trends, Variations and Special Circumstances Clause.
   c) Gross Fees (Professionals) policy.
   d) Output basis of specification.

6. परिणामी हानि (अग्नि) पॉलिसी के अंतर्गत, 'दोहरे आधार' की विशेषताओं का मजदूरी पर संरक्षण एक अलग मद के रूपमें स्पष्ट कीजिए। 12

6. Describe the features of 'Dual Basis' cover on wages as a separate item under the Consequential Loss (fire) Policy. 12

7. परिणामी हानि (अग्नि) बीमा में प्रस्ताव प्रपत्र के महत्वपूर्ण प्रश्नों की चर्चा कीजिए। 12

7. Mention the important questions in the proposal form for consequential loss (fire) insurance. 12

8. निम्नलिखित के मध्य अंतर स्पष्ट करें। (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) सकल लाभ तथा निवल लाभ
   ब) स्थायी प्रभार तथा परिवर्ती प्रभार
   स) वार्षिक टर्नओवर तथा मानक टर्नओवर

8. Distinguish between the following : 4 each
   a) Gross profit and net profit
   b) Standing Charges and Variable Charges
   c) Annual Turnover and Standard Turnover

9. टर्नओवर आधार विनिर्धारण के अंतर्गत हानि देयता राशि की गणना के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए? 12

9. What are the steps followed for calculating the amount of loss payable under a turnover basis specification? 12

10. परिणामी हानि (अग्नि) पॉलिसी के अंतर्गत बीमा राशि निर्धारित करते समय किन तथ्यों पर विचार किया जाना चाहिए? 12

10. What are the factors to be considered while fixing the sum insured under a Consequential Loss (Fire) Policy? 12

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

# AG-56

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# अग्नि बीमा दावे
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# FIRE INSURANCE CLAIMS

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के** 16 **अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न** 12 **अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. पुनःस्थापन मूल्य पॉलिसी की विशेष प्रावधानों की चर्चा कीजिए। 16

1. State the special provisions of Reinstatement Value Policy. 16

2. अ) 'वॉरण्टी' किसे कहते है? (प्रत्येक के 6 अंक)
   ब) अग्नि बीमा पॉलिसी के अंतर्गत वॉरण्टी को लागू करने योग्य बनाने के **दो उदाहरण** दीजिए।

2. a) What is a 'Warranty'? 6 each
   b) Give **two examples** of warranties made applicable under a fire policy.

3. किसी बीमा पॉलिसी के लिए संरचना के नियमों का क्या प्रयोजन है? संरचना के मुख्य नियमों पर प्रकाश डालिए। 12

3. What is the object of rules of construction for an insurance policy? Enumerate the main rules of construction. 12

4. 'दंगा व हड़ताल तथा दुर्भावनाजन्य क्षति' के अंतर्गत आवरण का उल्लेख कीजिए। 12

4. State the scope of cover under "Riot, Strike and Malacious Damage". 12

5. अग्नि बीमा पॉलिसी के अंतर्गत दावे की स्थिति में बीमाकर्ता के क्या अधिकार है? 12

5. What are rights available to the Insurers under fire policy conditions in the event of any claim? 12

6. निम्नलिखित के मध्य अंतर बताइए :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) वारंटिया तथा प्रतिनिधित्व
   ब) बाजार मूल्य तथा पुन:स्थापन मूल्य
   स) सहमति पॉलिसियां तथा असहमति पॉलिसियां (कनकॅरन्ट ॲण्ड नॉन कनकॅरन्ट)

6. Distinguish between the following : 4 each
   a) Warranties and Representations
   b) Market Value and Reinstatement Value
   c) Concurrent Policies and Non-concurrent Policies.

7. बीमा पॉलिसी के अंतर्गत निम्नलिखित आवरणों पर संक्षिप्त टिप्पणी दीजिए। (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) विस्फोट/अंत:स्फोटन
   ब) समाघात क्षति
   स) ऑटोमेटिक स्प्रिंकलर प्रतिष्ठापन से रिशाव।

7. Write short notes on the following covers available under fire policy. 4 each
   a) Explosion/Implosion
   b) Impact damage
   c) Leakage from automatic sprinkler installation.

8. अ) मूल्यह्रास का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (प्रत्येक के 6 अंक)
   ब) अग्नि बीमा दावों में मूल्यह्रास का ध्यान क्यों रखा जाता है?

8. a) What is the meaning of depreciation? 6 each
   b) Why depreciation is considered in Fire Claims?

9. निम्नलिखित आंकड़ों की सहायता से देय दावा राशि की गणना कीजिए। 12

बीमा राशि :

| | रू. |
|---|---|
| बिल्डिंग | 2,50,000 |
| मशीनरी | 6,00,000 |
| स्टॉक्स | 4,00,000 |
| कुल - | **12,50,000** |

| | | रू. |
|---|---|---|
| हानि की तिथि पर जोखिम मूल्य : | | |
| बिल्डिंग | | 2,00,000 |
| मशीनरी | | 8,00,000 |
| स्टॉक्स | | 2,50,000 |
| | **कुल-** | **12,50,000** |
| निर्धारित हानि : | | |
| बिल्डिंग | | 1,50,000 |
| मशीनरी | | 3,00,000 |
| स्टॉक्स | | 2,00,000 |
| | **कुल-** | **6,50,000** |

आधिक्य रू. 10,000/-

9. Consider the following and calculate the claim payable : 12

Sum Insured :

| | | **Rs.** |
|---|---|---|
| Building | | 2,50,000 |
| Machinery | | 6,00,000 |
| Stocks | | 4,00,000 |
| | **Total-** | **12,50,000** |
| Value at risk on the date of loss : | | |
| Building | | 2,00,000 |
| Machinery | | 8,00,000 |
| Stocks | | 2,50,000 |
| | **Total-** | **12,50,000** |
| Assessed Loss : | | |
| Building | | 1,50,000 |
| Machinery | | 3,00,000 |
| Stocks | | 2,00,000 |
| | **Total-** | **6,50,000** |

Excess Rs. 10,000/-

10. अग्नि दावों के अंतर्गत हानि पर सर्वेक्षक द्वारा घटनास्थल के सर्वेक्षण कार्य की चर्चा कीजिए। 12

10. Describe the action to be taken by the Surveyor when he visits the scene of loss for survey of fire claim. 12

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

# AG-57

# एसोशिएटशिप परीक्षा
## अग्नि और परिणामी हानि बीमा
## ASSOCIATESHIP EXAMINATION
## FIRE & CONSEQUENTIAL LOSS INSURANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

Marks

1. एक अग्नि स्टॉक सूचनापेक्षी पॉलिसी के अंतर्गत, निम्नलिखित आंकड़ों के आधार पर लौटाए जाने वाले प्रीमियम की गणना कीजिए : 16

अ) बीमा राशि : रू. 2,00,00,000 (2 करोड़)

ब) दर प्रति हजार : रू. 1.00

स) मासिक घोषणाएं :

| | रू. |
|---|---|
| जनवरी | 50,00,000 |
| फरवरी | 80,00,000 |
| मार्च | कोई घोषणा प्राप्त नही |
| अप्रैल | 20,00,000 |
| मई | शून्य |
| जून | 10,00,000 |
| जुलाई | 20,00,000 |
| अगस्त | 5,00,000 |
| सितंबर | 5,00,000 |
| अक्तूबर | शून्य |
| नवंबर | 30,00,000 |
| दिसंबर | 60,00,000 |

1. Calculate the refund premium under a Fire Stocks Declaration Policy given the following figures:- 16

a) Sum insured Rs. 2,00,00,000 ( 2 crores)

b) Rate Per mille - Re 1.00

c) Monthly Declarations :-

| | Rs. |
|---|---|
| Jan | 50,00,000 |
| Feb | 80,00,000 |
| March | No declaration received |
| April | 20,00,000 |
| May | Nil |
| June | 10,00,000 |
| July | 20,00,000 |
| Aug | 5,00,000 |
| Sept | 5,00,000 |
| Oct | Nil |
| Nov | 30,00,000 |
| Dec | 60,00,000 |

2. पुनर्बीमा में 'प्रतिधारण' से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे निर्धारित किया जाता है ? 12

2. What is meant by 'retentio 1' in reinsurance? How is it fixed? 12

3. एक अग्नि परिणामी हानि बीमा पॉलिसी के अंतर्गत, निम्नलिखित आंकड़ों पर विचार करते हुए दावे की देय राशि की गणना कीजिए : 12

| | | |
|---|---|---|
| बीमा अवधि | : | 01.04.2006 से 31.03.2007 |
| बीमा राशि | : | रू. 800 लाख |
| क्षतिपूर्ति अवधि | : | 6 माह |
| हानि की तिथि | : | 01.02.2007 |
| व्यवधान की अवधि | : | 01.02.2007 से 30.04.2007 |

वित्तीय वर्ष 2005-06 हेतु टर्नओवर रू. 5,000 लाख तथा सकल लाभ रू. 1,000 लाख है ।

01.02.2006 से 31.01.2007 हेतु टर्नओवर रू. 5,000 लाख है ।

01.02.2006 से 30.04.2006 हेतु टर्नओवर रू. 1,500 लाख है ।

01.02.2007 से 30.04.2007 हेतु टर्नओवर रू. 500 लाख है ।

3. Calculate the claim payable under a fire consequential loss insurance policy, considering the following data: 12

| | | |
|---|---|---|
| Period of Insurance | : | 01.04.2006 to 31.03.2007 |
| Sum insured | : | Rs. 800 Lakhs |
| Indemnity period | : | 6 months |

45

Date of Loss : 01.02.2007
Period of Interruption : 01.02.2007 to 30.04.2007
For the financial year 2005-06 the turnover is Rs. 5,000 lakhs and gross profit is Rs. 1,000 lakhs.
Turnover for 01.02.2006 to 31.01.2007 is Rs.5,000 lakhs.
Turnover for 01.02.2006 to 30.04.2006 is Rs.1,500 lakhs.
Turnover for 01.02.2007 to 30.04.2007 is Rs. 500 lakhs.

4. अग्नि परिणामी हानि बीमा पॉलिसी के अंतर्गत मजदूरी को किस प्रकार बीमित किया जाता है ? 12

4. How are wages insured under fire consequential loss insurance policy? 12

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए । (प्रत्येक के 4 अंक)
अ) संविदा कीमत बीमा धारा
ब) वैकल्पिक आवास हेतु किराया धारा
स) स्वत: समायोजन धारा

5. Write short notes on the following: 4 each
a) Contract price insurance clause
b) Rent for alternate accomodation clause
c) Escalation clause

6. जोखिम निरीक्षण रिपोर्ट (स्वीकृति पूर्व निरीक्षण) के अंतर्गत शामिल किये जाने वाले विभिन्न विवरणों का उल्लेख कीजिए । 12

6. State the various details required to be incorporated under Risk Inspection Report (Pre-acceptance inspection). 12

7. अग्नि बीमा लेखन के मूल उद्देश्य क्या हैं ? 12

7. What are the ultimate objectives of Fire Underwriting? 12

(प्रत्येक के 4 अंक)

8. अग्नि पॉलिसी के अंतर्गत निम्नलिखित आपदाओं के कार्यक्षेत्र से किन हानियों को अपवर्जित किया जाता है :
   अ) अग्नि
   ब) विस्फोट/अंत:स्फोट
   स) दंगा, हड़ताल तथा दुर्भावनाजन्य क्षति

8. Which are the losses excluded under the fire policy within the scope of the following perils:- 4 each
   a) Fire
   b) Explosion / Implosion
   c) Riot, Strike, Malicious Damage?

9. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए : (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) 'सानुग्रह' भुगतान
   ब) बिना प्रतिकूल प्रभाव डाले
   स) वारण्टी

9. Write short notes on:- 4 each
   a) 'Ex Gratia' Payments
   b) Without Prejudice
   c) Warranty

10. अग्नि पॉलिसी के अंतर्गत संरक्षित 'एड ऑन' आपदाएं क्या हैं ? 12

10. Which are the 'add on' perils covered under a fire policy? 12

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

# AG-61

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# कार्गो हानि रोकथाम
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# CARGO LOSS PREVENTION

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. यह सुनिश्चित करने के लिये कि कंटेनर माल अपने गंतव्य पर शीघ्र तथा सुरक्षित पहुँचे, नौभरणकर्ता तथा परेषिती कौन से संभव उपाय कर सकते हैं? 16

1. What possible measures can be taken by the shippers and consignees to ensure prompt and safe arrival of container goods at destination? 16

2. निम्नलिखित के कारण बतायें : (प्रत्येक के 2 अंक)
   क) जिस झूले से भार लटकाया जाता है, उसकी दोनों टांगों पर लगने वाला बल, उनके बीच बनने वाले कोण द्वारा निर्धारित होता है।
   ख) परेषणों को सीधे-सीधे रेलवे वैगनों में न लादें।
   ग) धातु-खंडों, कंक्रीट को बल देने वाली छड़ों, लकड़ी की शहतीरों (खम्भों) आदि जैसी लम्बी चीजों को एक टांग वाले झूलों से नहीं उठाना चाहिये।
   घ) सांकेतिक निशानों का प्रयोग करें तथा संकेतों को बारम्बार बदलें।
   च) कई प्रकरणों में कारगो के चट्टे माल-उतराई की कार्रवाई के दौरान ढ़ह जाते हैं।
   छ) किसी पोत के फलके में लदाई करते समय भारी पैकेजों को पार्श्व तथा हल्के पैकेजों को बीच में रखना चाहिये।

2. Give reasons for the following:- 2 each
   a) The force on the two legs of a sling to which a load is suspended is determined by the angle formed between them.
   b) Do not load consignments directly into he railway wagons.
   c) Long objects such as metal sections, reinforcing rods for concrete, wooden beams, etc. should not be lifted with single leg slings.

d) Use coded markings and change the codes frequently.
e) In many instances, cargo stack collapse during unloading operations.
f) Sturdy packages should be stowed in the wings and lighter ones in the centre when loading a ship's hold.

(प्रत्येक के 6 अंक)

3. माल का चट्टा बनाते समय जिस बात पर सबसे पहले ध्यान दिया जाता है वह है चट्टे की स्थिरता। निम्नलिखित का चट्टा बनाते समय यह स्थिरता कैसे हासिल की जाती है:-
क) थैलाबंद कारगो
ख) कार्टन्स्

3. **Primary consideration in stacking of goods is stability of the stack. How is this stability achieved when stacking:** 6 each
a) **Bagged cargo**
b) **Cartons**

(प्रत्येक के 6 अंक)

4. निम्नलिखित के प्रयोग को नियत्रित करने वाले, काम करने के सुरक्षित तरीकों का वर्णन करें :-
क) गतिशील क्रेन
ख) फॉर्क लिफ्ट ट्रक

4. **Describe safe working practices governing the use of :** **6 each**
a) **Mobile Cranes**
b) **Fork Lift trucks.**

5. दस्तावेजी धोखाधड़ी से बचने के लिये एक व्यापारी क्या सावधानियाँ बरत सकता है? 12

5. **What are the precautions that a trader can take to guard against documentary fraud?** 12

(प्रत्येक के 6 अंक)

6. समुद्रपारीय परिवहन के संदर्भ में बाह्य कंटेनरों के रूप में निम्नलिखित की उपयुक्तता पर टिप्पणी करें :
क) लकड़ी की पेटियाँ
ख) स्टील के ड्रम

6. Comment on the suitability of the following as exterior containers for overseas movements :- 6 each
   a) Wooden cases
   b) Steel Drums.

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें :- (प्रत्येक के 6 अंक)
   क) लॉस प्रिवेंशन एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रदत्त सेवाएँ।
   ख) बंदरगाहों पर उतारे जाने के बाद कारगो की सीधी सुपुर्दगी।

7. Write short notes on the following :- 6 each
   a) Services provided by Loss Prevention Association of India.
   b) Direct delivery of cargo after discharge at ports.

8. जल-क्षति से होने वाली संभावित हानियों को रोकने के लिये क्या उपाय किये जाने चाहिये? 12

8. What measures should be adopted to prevent possible losses from water damage? 12

9. क) पैलेटीकरण क्या है? पैलेटीकरण के क्या लाभ हैं? (प्रत्येक के 6 अंक)
   ख) माल का पैलेटीकरण करते समय क्या सावधानियाँ बरती जानी चाहिये?

9. a) What is palletisation? What are the advantages of palletisation? 6 each
   b) What precautions should be taken while palletising the goods.

10. रेल द्वारा भेजे जाने वाले माल की हानि को कम-से-कम करने में परेषिती की क्या भूमिका होती है? 12

10. What is the consignees' role in minimization of losses on goods dispatched by railway? 12

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

**AG-62**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# वाणिज्यिक भूगोल
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# COMMERCIAL GEOGRAPHY

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं ।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

Marks

1. "किन्हीं दो देशों के पास बिल्कुल एक जैसे संसाधन नहीं हैं, न ही कोई भी देश आत्मनिर्भर है।" इस वक्तव्य के प्रकाश में समझाएं कि किसी देश को विशिष्टता प्राप्त करने के लिए कौन-कौन से तत्व प्रोत्साहित कर सकते हैं? 16

1. "No two countries have exactly the same resources, nor indeed is any one country self sufficient." In the light of this statement, explain what factors might encourage a particular country to specialize? 16

2. निम्नलिखित के भौगोलिक कारण बताएँ :- (प्रत्येक के 3 अंक)
   क) सूर्य की तुलना में चाँद के ज्वार का प्रभाव दुगना से अधिक होता है। बावजूद इसके कि सूर्य चाँद से कई गुना बड़ा है।
   ख) किसी देश के लिये यह आवश्यक हो जा सकता है कि वह अपनी मुद्रा का अवमूल्यन या पुनर्मूल्यन करें।
   ग) यदि उत्पादन के किसी घटक को इस तरह प्रयोग में लाया जाये, जिससे उसका तुलनात्मक लाभ सर्वाधिक हो जाय, अथवा तुलनात्मक हानि न्यूनतम हो जाय तो उत्पादन सर्वाधिक हो जाता है।
   घ) अन्तरराष्ट्रीय दिनांक रेखा को पार करने वालों को, यदि वे पश्चिम से पूर्व की तरफ पार कर रहे हों तो, तिथि आगे बढ़ानी होती है और यदि वे पूर्व से पश्चिम की ओर पार कर रहे हों तो, तिथि पीछे करनी होती है।

2. Give geographical reasons for the following:- 3 each
   a) The moon has over twice the tidal effect of the sun even though the sun is much bigger than the moon.

b) A country may find it necessary to devalue or revalue its currency.

c) If any factor of production is employed in that use in which it has the greatest comparative advantage or least comparative disadvantage, output is maximized.

d) Those crossing the IDL have to change the date forward if they are crossing from west to east, and backward if they are crossing from east to west.

3. नौवहन पर उनके प्रभाव के विशेष संदर्भ में निम्नलिखित को समझाइएं:- (प्रत्येक के 4 अंक)

क) चक्रवात

ख) हिमखंड

ग) ज्वार-भाटा

3. Explain the following with particular reference to their effect on shipping:- 4 each

a) Cyclones

b) Icebergs

c) Tides

4. समझाइए कि अमेरिका के व्यापार में पनामा नहर का महत्वपूर्ण स्थान क्यों है? 12

4. Explain why Panama Canal has an important place in America's trade. 12

5. अक्षांश व देशांतर रेखाओं को परिभाषित करें तथा नौवहन उद्योग में उनकी उपयोगिता की चर्चा करें। 12

5. Define latitude and longitude and discuss their use in maritime industry. 12

6. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें :- (प्रत्येक के 4 अंक)

क) पैकेजिंग

ख) आदर्श पत्तन

ग) कॉन्फरेंस प्रणाली

6. Write short notes on the following :- 4 each

a) Packaging

b) Ideal harbour

c) Conference system

7. कैरेज ऑफ़ गुड्स बाइ सी एक्ट, 1925 के अंतर्गत समुद्री वाहक को कुछ अधिकार और उन्मुक्तियाँ प्राप्त हैं। इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत वे कौन सी देनदारियाँ हैं जिनके एक पोतस्वामी अपने को अलग कर ले सकता है? 12

7. Under Carriage of Goods by sea Act, 1925 the ocean carrier has certain rights and immunities. What are these liabilities which the ship owner may contract out of under the provisions of this act? 12

8. क) एक विनिमय पत्र की परिभाषा क्या है? (प्रत्येक के 6 अंक)
   ख) किसी विनिमय पत्र के नकारे जाने पर धारक के पास क्या उपाय उपलब्ध होता है?

8. a) Define a Bill of exchange. 6 each
   b) What remedy is available to the holder when a Bill of Exchange is dishonored?

9. क) बहुमाध्यमी परिवहन क्या है? (प्रत्येक के 6 अंक)
   ख) मल्टीमोडल ट्रांसपोर्टेशन ऑफ़ गुड्स एक्ट, 1993 की विशिष्टताएँ बताएँ।

9. a) What is multimodal transport? 6 each
   b) State the salient features of the Multimodal Transportation of Goods Act 1993.

10. "स्थानोंके बीच मांग और आपूर्ति के असंतुलन के कारण व्यापार होता है।" इस कथन की व्याख्या करें। 12

10. "Trade takes place because of imbalance of demand and supply between places." Explain this statement. 12

-----समाप्त -----
------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

# AG-63

# एसोशिएटशिप परीक्षा

## मरीन क्लॉज़ेज

# ASSOCIATESHIP EXAMINATION

## MARINE CLAUSES

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100

Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. i) इंस्टिट्यूट कारगो क्लॉज़ेज़ (सी) के द्वारा आवरित जोखिमों की तथा — 16
   ii) इंस्टिट्यूट कारगो क्लॉज़ेज़ (बी) के द्वारा आवरित अतिरिक्त जोखिमों की संक्षिप्त चर्चा करें।

1. Enumerate : — 16
   i) The risk covered by Institute Cargo Clauses (C) and
   ii) The additional risks covered by Institute Cargo Clauses (B).

(प्रत्येक के 6 अंक)

2. क) इंस्टिट्यूट क्लासिफ़िकेशन क्लॉज़ के तहत कौन से पोत अनुमोदित हैं, तथा
   ख) इंस्टिट्यूट क्लासिफ़िकेशन क्लॉज़ का उद्देश्य क्या है?

2. a) What are the approved vessels under Institute Classification Clause and — 6 each
   b) What is the purpose of Institute Classification Clause?

3. इंस्टिट्यूट टाइम क्लॉज़ेज़ - हल्स, 1.10.83 की 'नोटिस ऑफ़ क्लेम एंड टेंडर्स' धारा के अंतर्गत जिस प्रकार पोतकाय दावों के बारे में प्रावधान किया गया है, उनसे निपटने के लिये क्या प्रक्रिया अपनायी जाती है? — 12

3. What is the procedure adopted for treatment of hull claims as dealt with in "Notice of Claim and Tenders" Clause of Institute Time Clauses – Hulls, 1.10.83? — 12

4. इंस्टिट्यूट टाइम क्लॉज़ेज़ - हल्स, 1.10.83 के प्रावधान के अनुसार एक पोत की आंशिक क्षति के लिये क्षतिपूर्ति का परिमाण क्या है? 12

4. What is the measure of indemnity for partial loss of a ship as provided in Institute Time Clauses – Hulls, 1.10.83? 12

5. निम्नलिखित के अंतर्गत जोखिम कब आरम्भ और समाप्त होता है :- (प्रत्येक के 6 अंक)
   क) अंतर्देशीय पारवहन (रेल अथवा सड़क) क्लॉज़ 'ए'
   ख) विशेष भंडारण जोखिम बीमा?

5. When does the risk attach and terminate under:- 6 each
   a) Inland Transit (Rail or Road) – Clause 'A'.
   b) Special Storage Risk insurance.

(प्रत्येक के 6 अंक)

6. निम्नलिखित के अंतर्गत बीमा की विषय-वस्तु में हित के समनुदेशन से कैसे निपटा गया है:-
   क) इंस्टिट्यूट कारगो क्लॉज़ेज़ के अंतर्गत मरीन कारगो पॉलिसी
   ख) इंस्टिट्यूट टाइम क्लॉज़ेज़ - हल्स, के अंतर्गत पोतकाय पॉलिसी?

6. How is assignment of interest in the subject-matter of insurance dealt with under :- 6 each
   a) Marine cargo policy subject to Institute Cargo Clauses
   b) Hull policy subject to Institute Time Clauses – Hulls?

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें : (प्रत्येक के 6 अंक)
   क) बीमाकृत का कर्तव्य क्लॉज़
   ख) युगलपोत (सिस्टरशिप) क्लॉज़।

7. Write short notes on the following :- 6 each
   a) Duty of the Assured Clause.
   b) Sister-ship Clause.

8. इंस्टिट्यूट क्लॉज़ेज़ फ़ॉर बिल्डर्स रिस्क्स 1.6.1988 की मुख्य विशेषताएं बतायें। 12

8. State the salient Features of Institute clauses for Builders' Risk 1.6.1988. 12

(प्रत्येक के 6 अंक)

9. इंस्टिट्यूट कारगो क्लॉज़ेज़ के प्रावधानों के अंतर्गत निम्नलिखित की संक्षिप्त व्याख्या करें:-

क) समुद्री यात्रा में परिवर्तन क्लॉज़

ख) अग्रसारण प्रभार क्लॉज़

9. Under the provisions of Institute Cargo Clauses, briefly explain the following ; 6 each

a) Change of Voyage clause.

b) Forwarding charges clause.

10. माल के अंतर्देशीय पारवहन के लिये स्ट्राइक्स, रायट्स एंड सिविल कमोशन क्लॉज़ के अंतर्गत आवरित जोखिम तथा अपवर्जन क्या हैं? 12

10. What are the Risks covered and Exclusions under the Strikes, Riots and Civil Commotion Clause for inland transit of goods. 12

-----समाप्त -----

------ END ------

मई, 2008
MAY, 2008

**AG-65**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
## मरीन बीमा अंकन
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
## MARINE UNDERWRITING

समय : 3 घंटे ]
Time: 3 Hours]

[कुल अंक : 100
[Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. क) कारगो बीमा अंकन के संदर्भ में 'पोत की गुणवत्ता' के महत्व की चर्चा करें। (प्रत्येक के 8 अंक)
   ख) कारगो और पोतकाय बीमा के संदर्भ में तरण योग्यता की आवश्यकतायें क्या हैं?

1. a) Discuss the importance of "quality of vessel" in the context of cargo underwriting. 8 each
   b) What are the requirements of seaworthiness in relation to insurance of cargo and hulls?

2. बीमा की शर्तें किस प्रकार कारगो के दर-निर्धारण को प्रभावित करती है? 12

2. How do conditions of insurance affect cargo rating? 12

3. निम्नलिखित बाह्य जोखिमों का वर्णन करें तथा ऐसी वस्तुओं के उदाहरण दें जो ऐसी क्षतियों के प्रति संवेदनशील हैं:- (प्रत्येक के 4 अंक)
   क) अन्य कारगो से क्षति
   ख) चोरी, उठाईगीरी और गैर सुपुर्दगी
   ग) टूट-फूट

3. Describe the following extraneous risks and give examples of commodities which are susceptible to such damages:- 4 each
   a) Damage by other cargo
   b) Theft, pilferage and non-delivery
   c) Breakage

4. विशेष सूचनापेक्षी पॉलिसियों के संम्बध में :- (प्रत्येक के 6 अंक)
   क) परेषणों के भेजे जाने की घोषणा कैसे होती है?
   ख) बीमित राशि का निर्धारण कैसे किया जाता है?

4. Concerning Special Declaration Policies – 6 each
   a) how are dispatches of consignments declared?
   b) how is the Sum Insured determined?

(प्रत्येक के 6 अंक)

5. क) "बीमा अंकन के दृष्टिकोण से एक कारगो लाइनर, एक ट्रैम्प पोत से बेहतर जोखिम होता है।" आप इस कथन को कैसे उचित ठहराएंगे?
   ख) आप LASH तथा RO-RO पध्दतियों से क्या समझते हैं?

5. a) "From underwriting point of view, a cargo liner is a better risk than a tramp ship." How will you justify this statement? 6 each
   b) What do you understand by LASH and RO-RO systems?

(प्रत्येक के 4 अंक)

6. निम्नलिखित वस्तुओं के पारवहन बीमा से जुड़ी बीमा अंकन की खास बातों की चर्चा करें :-
   क) सीमेंट
   ख) सूती सामान
   ग) मशीनरी

6. Discuss specific underwriting features associated with transit insurance of following goods:- 4 each
   a) Cement
   b) Cotton Goods
   c) Machinery

(प्रत्येक के 6 अंक)

7. क) रेलवेज़ अधिनियम, 1989 में माल ढुलाई के संबंध में देनदारी को नियंत्रित करने वाले विशेष प्रावधान क्या हैं?
   ख) ऐसी कौन सी हानियाँ हैं जिनके लिये रेल प्रशासन रेलवेज़ अधिनियम के तहत उत्तरदायी नहीं है?

7. a) What are the salient provisions of the Railways Act, 1989 governing liability in respect of goods carried ? 6 each

b) What are the losses for which the Railway Administration is NOT liable under the Railways Act ?

8. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें :- (प्रत्येक के 4 अंक)

क) इंडियन रजिस्टर ऑफ़ शिपिंग

ख) पुनर्बीमा के उद्देश्य

ग) समुद्री धोखाधड़ी के कुछ विशेष लक्षण।

8. Write short notes on the following :- 4 each

a) Indian Register of Shipping.

b) Purposes of reinsurance

c) Some common characteristics of maritime fraud.

9. बताएं कि एक पोतकाय जोखिम के लिये दर निर्धारित करते समय किन प्रमुख कारकों को ध्यान में रखना चाहिए। 12

9. State the principal factors that need to be taken into account while rating a Hull Risk. 12

10. "बीमाकर्ता सुविधा ध्वज़ वाले पोतों के बारे में गंभीर रूप से चिंतित रहते हैं।" कारण की व्याख्या करें। 12

10. "Underwriters remain seriously concerned regarding Flag of Convenience vessels." Explain the reasons. 12

-----समाप्त -----

------ END ------

AG-66

मई, 2008
MAY, 2008

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# मरीन बीमा दावे
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# MARINE INSURANCE CLAIMS

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

Marks
(प्रत्येक के 8 अंक)

1. क) किसी कारगो दावे के निपटान की 'साल्वेज हानि' विधि क्या है तथा किन परिस्थितियों में निपटान की यह विधि उचित है?

   ख) आइ. सी. सी. (ए) के तहत £30,000, यथा मूल्यांकित, के लिये बीमित 100 टन आलू एक पोत द्वारा मुम्बई से जेद्दा भेजा गया। बाब-ऐल-मंदेब के निकट पोत का पेंदा अवरोध हो गया। कारगो के फलकों में पानी घुस गया। आलू का पूरा परेषण क्षतिग्रस्त हो गया तथा उसमें अंकुर फूटने लगे। पोत, जो गंभीर रूप से असमर्थ हो गया था, अदन चला गया, जहाँ उसकी यात्रा का परित्याग कर दिया गया। बाद में समग्र हानि से बचने के लिये यह फैसला किया गया कि आलू को अदन में बेच दिया जाये। बिक्री से £60 प्रति टन की दर पर राशि की प्राप्ति हुई। बिक्री से जो सकल प्राप्ति हुई, उसका 1% बिक्री प्रभार रहा। सर्वेक्षण शुल्क था £40. पॉलिसी के तहत देय दावे का समायोजन करें।

1. a) What is "Salvage Loss" method of settlement of a cargo claim and under what circumstances such a method of settlement justified? 8 each

   b) 100 tones of potatoes were shipped on a vessel from Mumbai to Jeddah and were insured for £ 30,000, so valued subject to ICC (A). The vessel stranded near Bab-el-Mandeb. Water entered cargo holds. Entire consignment of potatoes was damaged and began sprouting. The vessel, seriously disabled, put in at Aden, where the voyage was abandoned. It was decided to sell the potatoes at Aden to avoid a later total loss. The sale proceeds were at the rate of £60 per tone with sale charges of 1% of gross proceeds of sale. Survey fees were £40. Adjust the claim payable under the policy.

2. पोतों में टक्कर हुई, जिसमें पोत 'ए' को पूरी तरह दोषी ठहराया गया। परिणामस्वरूप पोत 'बी' डूब गया। उन्हें होने वाली क्षतियाँ निम्नानुसार थी :- 12

| | | |
|---|---|---|
| पोत 'ए' की मरम्मत का खर्च | - | रू. 12,00,000 |
| पोत 'ए' का विलम्ब शुल्क | - | रू. 2,00,000 |
| पोत 'बी' पर जान का नुकसान | - | रू. 20,00,000 |
| डूबे पोत 'बी' की हानि | - | रू. 24,00,000 |

पोत 'ए' आइ. टी. सी. हल्स 1.10.83 के अंतर्गत रू. 20,00,000 के लिये आवरित है। पॉलिसी की कटौती योग्य राशि है रू. 1,00,000

बीमाधारक ने आइ. टी. सी. हल्स एक्सेस लायबिलिटीज़ 1.10.83 के तहत रू. 2,00,000 का बीमा भी लिया है। बतायें कि पोत 'ए' की उपरोक्त पॉलिसियों के अंतर्गत क्या दावा होगा?

2. As a result of a collision in which vessel 'A' was adjudged totally to blame, vessel 'B' sank. The respective damages were as follows:- 12

| | |
|---|---|
| Cost of repairs to vessel 'A' | Rs. 12,00,000 |
| Demurrage of vessel 'A' | Rs. 2,00,000 |
| Loss of life on vessel 'B' | Rs. 20,00,000 |
| Loss of vessel 'B' which sank | Rs. 24,00,000 |

Vessel 'A' is insured under ITC-Hulls 1.10.83 for Rs. 20,00,000. Policy deductible is Rs. 1,00,000.

The assured also has Rs. 2,00,000 insured on ITC-Hulls Excess Liabilities, 1.10.83. State the claim under the said policies of vessel 'A'.

3. सूती कपड़ों की समान मूल्य वाली दस पेटियाँ रेल द्वारा मुम्बई से चेनै भेजी गईं। वे रू. 1,20,000 यथा मूल्यांकित के लिये बीमित थी। एक पेटी पारवहन के दौरान खो गई और सुपुर्दगी के लिये उपलब्ध नहीं हो पायी। 12

3 पेटियों की अंतर्वस्तु बारिश के पानी के संपर्क में आने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई। सर्वेक्षक और परेषिती के बीच छूट पर सहमति नहीं हो पाने के कारण, यह आवश्यक हो गया कि क्षतिग्रस्त माल को, जो सबसे अच्छी कीमत मिल सके, उस पर बेच दिया जाये. 3 पेटियों का सकल पहुँच दुरूस्त मूल्य रू. 40,000 था तथा बिक्री से प्राप्त होने वाली सकल राशि थी रू. 18,000 सर्वेक्षण शुल्क रहा रू. 200 .

पॉलिसी अंतर्देशीय पारवहन (रेल अथवा सड़क) - क्लॉज़ 'ए' के तहत जारी की गई थी। इसके तहत देय दावे की गणना करें।

3. Ten cases of cotton textiles, each case of equal value, railed from Mumbai to Chennai, are insured for Rs. 1,20,000, so valued. 12
One case, lost in transit, was not available for delivery.
Contents of 3 cases were damaged by contact with rain water. As an allowance cannot be agreed between the surveyor and the consignee, it was found necessary to sell the damaged goods for the best value obtainable. Gross arrived sound value of the 3 cases was Rs. 40,000 and the gross proceeds of sale was Rs. 18,000. Survey fee was Rs. 200.

Calculate the claim payable under the policy which was subject to Inland Transit (Rail or Road) Clause 'A'.

(प्रत्येक के 4 अंक)

4. क) पारवहन की शुरूआत में लॉरी पर चढ़ाए जाते समय, सूक्ष्मता मशीनरी का एक नग, गोदाम के माल चढ़ाने वाले यन्त्र से गिरकर क्षतिग्रस्त हो जाता है। मशीन इंस्टिट्यूट कारगो क्लॉज़ेज़ (ए) के अंतर्गत बीमित है। कारगो बीमाकर्ता पर होने वाले दावे पर चर्चा करें। कारण सहित उत्तर दें।

ख) गत्ते के डब्बों में पैक की गई चीनी-मिट्टी की प्यालियों और तश्तरियों का एक परेषण मुम्बई से पुणे जाने वाले एक ट्रक पर चट्टे लगाकर रखा गया है। बीमा अंतर्देशीय पारवहन (रेल अथवा सड़क) - क्लॉज़ 'बी' के तहत किया गया है। पारवहन के दौरान एक पेड़ की झूलती हुई डालियाँ भार के ऊपरी हिस्से से रगड़ खाती हैं, जिसके कारण 10 डब्बे ट्रक से नीचे गिर जाते हैं और उनका माल पूरी तरह से नष्ट हो जाता है। बीमा के अंतर्गत आने वाली देनदारी पर चर्चा करें।

ग) लंदन से मुम्बई की यात्रा के दौरान एक पोत, एक मार्ग बंदरगाह (पोर्ट ऑफ़ कॉल (अलेक्ज़ेंड्रिया) में रूकता है, जो हड़ताल की चपेट में है। बंदरगाह में गंभीर मजदूर उपद्रव का माहौल है और सीधे तौर पर इसके कारण ही, हड़ताल करने वाले, पोत को आग लगा देते हैं। इससे पोत को काफ़ी नुकसान पहुँचता है। पोत इंस्टिट्यूट टाइम क्लॉज़ेज़ - हल्स, 1.10.83 के अंतर्गत बीमित है। पोत के बीमाकर्ताओं पर आने वाले दावे पर चर्चा करें।

4. a) An item of precision machinery which is being loaded on to a lorry at the commencement of the transit, drops from the tackle of the warehouse, and is damaged. The machine is insured under Institute Cargo Clauses (A). Discuss the claim on the cargo underwriter. Give a reasoned answer. 4 each

b) A consignment of cups and saucers (crockery) packed in cartons, is stacked on a truck in transit from Mumbai to Pune. The insurance is

subject to Inland Transit (Road or Rail) – Clause 'B'. Whilst in transit, some overhanging branches of a tree brush against the top of the load and 10 cartons fall off the truck and contents were totally smashed. Discuss the liability under the insurance.

c) A vessel, on a voyage from London to Mumbai, puts in at a port of call (Alexandria) which is strike bound. As a direct result of serious labour disturbances prevailing in the port, the strikers set fire to the vessel which was extensively damaged as a result. The vessel is insured under Institute Time Clauses – Hulls, 1.10.83. Discuss the claim on the hull underwriters.

(प्रत्येक के 3 अंक)

5. निम्नलिखित कानूनों/नियमों के अंतर्गत वाहक की आर्थिक देनदारी की सीमा क्या है :-

क) कैरेज ऑफ़ गुड्स बाइ सी एक्ट, 1925 (यथा संशोधित)

ख) मल्टीमोडल ट्रान्सपोर्टेशन ऑफ़ गुड्स एक्ट, 1993

ग) हैमबर्ग नियमावली

घ) इंडियन रेलवेज़ एक्ट, 1989?

5. What is the limitation of monetary liability of the carrier under following statutes/rules :- 3 each

a) Carriage of goods by Sea Act, 1925 (as amended).

b) Multimodal Transportation of Goods act, 1993.

c) The Hanburg Rules

d) Indian Railways Act, 1989 ?

(प्रत्येक के 6 अंक)

6. क) शुल्क बीमा क्लॉज़ के अंतर्गत कारगो बीमा के लिये क्षतिपूर्ति के परिमाण के संदर्भ में क्या प्रावधान हैं?

ख) एक बहुमाध्यमी परिवहन संचालक (एम. टी. ओ.) की जिम्मेवारियाँ तथा देनदारियाँ क्या हैं?

6. a) What are the provisions regarding the measure of indemnity for cargo insurance subject to Duty Insurance Clause? 6 each

b) What are the responsibilities and liabilities of the Multimodal Transport Operator (M.T.O.) ?

. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** पर संक्षेप में टिप्पणी लिखें :- (प्रत्येक के 4 अंक)

क) क्लासिफ़िकेशन सोसाइटियों के कार्य

ख) कारगो की प्रलक्षित समग्र हानि

ग) कम पैकिंग

घ) अधिक्षण प्रभार

'. Write short notes on **any three** of the following :- 4 each

a) Functions of Classification Societies

b) Constructive Total Loss of cargo

c) Short packing

d) Superintendence Charges.

३. पोत की टक्कर के फलस्वरूप उसके इंजिन कक्ष में एक बायलर फट जाता है, जिसके कारण निम्नलिखित हानि/क्षति होती है :- 12

i) बॉयलर को बदलने का खर्च - रू. 91,000

ii) बॉयलर के फटने से इंजिन कक्ष तथा पोत के अन्य भागों को हुई क्षति की मरम्मत का खर्च - रू. 79,000

**दावे की कुल राशि - रू. 1,70,000**

यदि हल तथा मशीनरी का बीमा इंस्टिट्यूट टाइम क्लॉज़ेज़ - हल्स, 1.10.83 के अंतर्गत हुआ है तो समझाएं कि यह दावा कैसे देय होगा?

8. Arising out of collision of the vessel, a boiler in the engine room of the vessel bursts causing following loss/damage :- 12

i) Cost of replacing the boiler Rs. 91,000

ii) Cost of repairing damage to engine room and other parts of the ship damaged by the bursting of the boiler. Rs. 79,000

**Total amount of the claim - Rs. 1,70,000**

Explain how this claim will be payable if the hull and machinery are insured under Institute Time Clauses – Hulls, 1.10.83?

9. निम्नलिखित के लिये एक हल तथा मशीनरी बीमाकर्ता की देनदारी क्या है :- (प्रत्येक के 6 अंक)

क) अस्थायी मरम्मत

ख) मरम्मत नहीं की गई क्षति?

9. What is the liability of an underwriter on hull and machinery for:- 6 each
   a) Temporary repairs
   b) Un-repaired damage.

10. 'अंशदायी मूल्यों' से आप क्या समझते हैं? समझाइएं कि पोत, कारगो तथा भाड़े के अंशदायी मूल्यों की गणना किस आधार पर होती है? 12

